● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 178, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 08 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



50 सीटों पर उप चुनाव में होगा फैसला 5

नीरज के स्वर्ण जीतने पर पंत ने रखा इनाम 6

## लोकतंत्र सेनानियों के संबंध में की गई घोषणा स्वीकृत

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद ने लिये निर्णय



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वित्त विभाग के अंतर्गत संचालनालय वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफएमआईएस) के पुनर्गठन एवं 47 नवीन पदों के सृजन तथा नियमों में संशोधन एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पी.एम.यू) के गठन का अनुमोदन किया गया। इससे प्रदेश के वित्तीय प्रबंधन की गुणवत्ता एवं सटीकता में और सुधार होगा। संचालनालय वित्तीय प्रबंध सूचना प्रणाली वर्ष 1980 से अस्तित्व में है। इसके माध्यम से राज्य शासन के आय-व्यय का निरंतर अनुश्रवण, राज्य शासन के मुख्य तथा अनुपूरक बजट,राज्य शासन के नगद शेष का अनुश्रवण, राज्य शासन का ऋण प्रबंधन, महालेखाकार कार्यालय से प्राप्त आय-व्यय के आंकड़ों के आधार पर विभिन्न वित्तीय सूचनाएं एवं विश्लेषण के कार्य संपादित किये जाते हैं। बजट प्रक्रियाओं में निरन्तर परिवर्तन/सुधार तथा वित्तीय संव्यवहारों में अधिक सजगता व सतर्कता की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय प्रबंध सूचना प्रणाली संचालनालय की वर्तमान संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ किये जाने का निर्णय लिया गया।

मंत्रि-परिषद द्वारा लोकतंत्र सेनानियों के दिवंगत होने पर अंत्येष्टि के लिए प्रदाय की जा रही वर्तमान राशि 8 हजार रूपये में वृद्धि कर 10 हजार रूपये किये जाने एवं दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि किए जाने की स्वीकृति दी गईं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 26 जून 2024 को की गई। घोषणा अनुसार के लिए अंत्येष्टि के लिए सहायता राशि में वृद्धि के लिए मध्यप्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम 2018 की कंडिका 5(2) में संशोधन तथा राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि किये जाने के लिए नवीन कंडिका 5(3) प्रतिस्थापित की जाने की अनुमति दी गयी। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में उर्जा विभाग और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अन्तर्गत वर्तमान प्रविष्टियों के स्थान पर संक्षेपिका के अनुसार प्रविष्टियां प्रतिस्थापित करने की स्वीकृति दी गईं।

विभिन्न विभागों की संरचना में परिवर्तन एवं उनके कार्यों का विस्तार होने तथा विभागों का आपस में संविलियन हो जाने से विभागों के क्रियाकलापों में काफी परिवर्तन आया है। अनेक योजनाओं के आरंभ हो जाने के कारण भी विभागों के दायित्व परिवर्तित हुए हैं। तद्नुसार परिवर्तनों का समावेश करते हुए मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन कर अद्यतन किये जाने की स्वीकृति दी गयी। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश कार्यपालक शासन के कार्य नियम में संशोधन करते हुए, कागज़-पत्र या अभिलेख के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख को भी मंजूरी दी गयी। मंत्रि-परिषद द्वारा बुरहानपुर जेल के आवास गृहों के निर्माण कार्य के लिए 73 करोड़ 44 लाख रूपये तथा 60 पदों के सृजन, उप जेल मऊगंज के आवास गृहों के निर्माण के लिए 19 करोड़ 44 लाख रूपये तथा 33 पदों के सृजन, उप जेल मैहर के उन्नयन के संबंध में पुनर्घनत्वीकरण योजना अंतर्गत नई जेल का निर्माण कराये जाने तथा योजना की डीपीआर का अनुमोदन कर 33 अतिरिक्त पदों के सृजन, जिला जेल अनूपपुर में 60 पदों के सृजन, उप जेल त्यौथर के लिए 31 पदों के सृजन, उप जेल बड़नगर में 31 पदों के सृजन तथा उप जेल गैरतगंज में 31 पदों के सृजन की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गईं।

## युवाओं को इंटर्नशिप देने के लिए सरकार ने की बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में युवाओं के लिए कई योजनाओं का एलान किया। इनमें से एक बड़ी स्कीम है- युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना। इसी सिलसिले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सरकार ने अब पीएम इंटर्नशिप योजना पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत इस स्कीम को शुरू करने के लिए उद्योगों से बात करना शुरू कर दिया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार ने इस योजना के लिए 500 से ज्यादा कंपनियों की सूची तैयार की है। अभी मंत्रालय ने 20 कंपनियों के साथ चर्चा की है। अन्य कंपनियों से भी चर्चा करने की तैयारी है। जैसे ही कंपनियों से चर्चा होगी उसके बाद योजना को लेकर विस्तृत कार्ययोजना मंत्रालय द्वारा तैयार की जाएगी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर करीब 60,000 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। ये नई इंटर्नशिप योजना पढ़ाई और उद्योगों की जरूरतों के बीच की कमी को पूरा करेगी। कुल 60,000 करोड़ रुपये में से 30,000 करोड़ रुपये राज्य सरकारें देंगी, बाकी पैसे कंपनियां सीएसआर के जरिए, खासकर उपकरण खरीदने के लिए, देंगी। मंत्रालय योजना को अंतिम रूप देते वक्त पारदर्शिता के लिए जांच-पड़ताल की व्यवस्था भी करेगा।

हाल ही में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि केंद्र सरकार शीर्ष 500 कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप के लिए एक योजना शुरू करेगी। कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय इन कंपनियों के साथ मिलकर इंडस्ट्रियल स्किल्स ट्रेनिंग के लिए संसाधन जुटाएगा। इस योजना के तहत, इंटर्न को हर महीने लगभग 5,000 रुपये का भत्ता और एक बार में करीब 6 हजार रुपये की सहायता मिलेगी। इन इंटर्न को ट्रेनिंग देने का खर्च कंपनियां अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से वहन करेंगी। इस योजना में कंपनियों की भागीदारी उनकी इच्छा के अनुसार है। ये इंटर्नशिप टॉप 500 कंपनियों के सप्लायर या वैल्यू चेन पार्टनर के जरिए दी जाएगी। अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के उलट, कंपनियों पर इंटर्न को स्थायी नौकरी देने का कोई दबाव नहीं होगा। सरकार इंटर्नशिप भत्ते का 90 फीसदी हिस्सा देगी, बाकी 10 फीसदी कंपनियां देंगी और ट्रेनिंग का खर्च कंपनियां खुद उठाएंगी।

## यूपी में होगी रिटायर्ड टीचर्स की दोबारा भर्ती

### 6000 रुपए मानदेय में सौंपा जाएगा स्कूल न आने वाले बच्चों को पढ़ाने का काम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार इन बच्चों को लेकर चिंतित है, जो नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या बड़ी है। अब इसका उपाय भी निकाला गया है।

यूपी के शिक्षा विभाग ने परिषदीय स्कूलों में रिटायर्ड शिक्षकों की नियुक्ति की योजना बनाई है। इन शिक्षकों की जिम्मेदारी ऐसे बच्चों को पढ़ाने की होगी, जो नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहे हैं। स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बताया कि रिटायर्ड शिक्षकों को मानदेय पर नियुक्त करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नियुक्ति के बाद संबंधित शिक्षक बच्चों के आयु वर्ग के हिसाब से पढ़ाई का प्लान बनाएंगे।

जो बच्चे कामकाज में अपने माता-पिता या भाई-बहन का हाथ बंटाते हैं, वे नियमित स्कूल नहीं आते हैं। ऐसे बच्चों के लिए परिषदीय स्कूलों के परिसर में ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्री-प्राइमरी स्कूल चलाए गए हैं। बच्चे यहां न केवल खुद पढ़ सकते हैं, बल्कि अपने भाई-बहन या किसी रिश्तेदार को भी साथ ला सकते हैं। ऐसे शिक्षकों के चयन के लिए पहले आवेदन बुलाए जाएंगे। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर समिति का गठन कर सेवानिवृत्त शिक्षकों को चयनित किया जाएगा।

## श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत से वनडे सीरीज जीती

**कोलंबो।** श्रीलंका ने इतिहास पलटते हुए भारत को 27 साल बाद वनडे सीरीज हरा दी है। टीम ने कोलंबो में तीसरा वनडे 110 रन से जीता। बुधवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 7 विकेट खोकर 248 रन बना दिए। भारत 26.1 ओवर में 138 रन बनाकर सिमट गया। श्रीलंका से अविष्का फर्नांडो ने 96, कुसल मेंडिस ने 59 और पाथुम निसांका ने 45 रन बनाए। भारत से डेब्यू कर रहे रियान पराग ने 3 विकेट लिए। बैटिंग में भारत से रोहित शर्मा ने 35, वॉशिंगटन सुंदर ने 30, विराट कोहली ने 20 और रियान पराग ने 15 रन बनाए। श्रीलंका से दुनिथ वेल्लालागे ने 5 विकेट लिए। जेफरी वांडरसे और महीश तीक्षणा को 2-2 विकेट मिले।

## हमारे आदेशों का पालन करना संवैधानिक दायित्व : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (7 अगस्त) को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक आदेश में की गई टिप्पणियों पर नाराजगी जताई और उन्हें हटाने का आदेश दिया। शीर्ष कोर्ट ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया और टिप्पणी को चिंताजनक बताया।

हाईकोर्ट के जस्टिस राजबीर सेहरावत ने अपने एक आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से बाहर जा रहा है और हाईकोर्ट की शक्तियों को कम आंक रहा है। मामला अवमानना याचिका से जुड़ा था, जिसकी सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

हाईकोर्ट के आदेश में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट को खुद को वास्तविकता से ज्यादा सर्वोच्च मानने की आदत हो गई है। जस्टिस सेहरावत का टिप्पणी का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद मामला सामने आया।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने टिप्पणी को गैर-जरूरी बताते हुए कहा कि इससे दोनों अदालतों के सम्मान को ठेस पहुंची है। मामले के पक्षकार कोर्ट के फैसलों से असंतुष्ट हो सकते हैं, लेकिन जज अपने से उच्च अदालतों के फैसलों से असहमति नहीं जता सकते।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस ऋषिकेश रॉय की बेंच ने हाईकोर्ट टिप्पणी का स्वत: संज्ञान लेते हुए गंभीर चिंता जताई। बेंच ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस सेहरावत को चेतावनी दी और कहा कि आपसे उम्मीद की जाती है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर टिप्पणी करते समय संयम बरतें।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि न्यायिक अनुशासन का उद्देश्य सभी संस्थाओं की गरिमा को बचाना है। फिर चाहे वह डिस्ट्रिक्ट कोर्ट हो, हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट हो। बेंच ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन पसंद का विषय नहीं है। यह संवैधानिक दायित्व का मामला है।

हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जस्टिस सेहरावत के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## विनेश मामले में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ में विरोध जताया : खेल मंत्री

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के 13वे दिन बुधवार को ओलिंपिक से विनेश फोगाट को डिस्क्वालिफाइ करने का मामले खेल मंत्री ने सरकार का पक्ष रखा। लोकसभा में खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा- विनेश को रेसलिंग के 50 किलोग्राम केटेगिरी में खेलना था। उनका वजन 50 किलोग्राम से 100 ग्राम ज्यादा पाया गया। इसलिए उन्हें अयोग्य करार दिया गया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ से कड़ा विरोध दर्ज किया है।

## हाईकोर्ट का ईडी से सवाल-केजरीवाल को फिर गिरफ्तार करेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत के खिलाफ बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी से पूछा कि क्या जांच एजेंसी दिल्ली के मुख्यमंत्री को दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है।

बार एंड बेंच के मुताबिक, ईडी से यह सवाल जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने किया है। उन्होंने कहा कि मैं असमंजस में हूं। आखिर आप करना क्या चाहते हैं?

ईडी की ओर से पेश हुए वकील विवेक गुरनानी ने कोर्ट को बताया कि एएसजी एसवी राजू दूसरे केस में व्यस्त हैं, इसलिए कोर्ट इस केस को कल या किसी और दिन सुनवाई कर ले। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि यह सरासर उत्पीड़न का मामला है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है। फिलहाल मामले की अगली सुनवाई की तारीख अभी नहीं आई है। दरअसल, 20 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। 21 जून को ईडी ने हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दी थी। 25 जून को इस पर सुनवाई हुई।

## चुनाव आयोग का आज जम्मू-कश्मीर दौरा, जल्द चुनाव होंगे

**श्रीनगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग दो दिन का जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल गुरुवार (8 अगस्त) को श्रीनगर पहुंचेगा। सुबह 11:15 बजे इलेक्शन कमीशन की क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के साथ मीटिंग होगी। उसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक होगी। 9 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे इलेक्शन कमीशन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसी साल जून में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा समेत जम्मू कश्मीर में वोटर लिस्ट अपडेट करने के आदेश जारी किए थे। इस काम को पूरा करने के लिए 20 अगस्त तक की डेडलाइन दी गई थी।

## अंतरिम कार्यवाहक मुहम्मद यूनुस की अपील-हिंसा से बचें

### जिया बोलीं- बहादुर बच्चों ने देश को कराया आजाद



**ढाका।** बांग्लादेश फिलहाल राजनीतिक संकट और हिंसा की स्थिति से गुजर रहा है। इसी बीच अंतरिम सरकार के कार्यवाहक और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने देश की जनता से अपील की है कि सभी लोग किसी भी प्रकार की हिंसा से बचें। जानकारी के मुताबिक मुहम्मद यूनुस गुरुवार को अंतरिम सरकार के कार्यवाहक पद की शपथ ग्रहण करेंगे। अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाले बांग्लादेश के मुहम्मद यूनुस ने शांति की अपील की और लोगों से इस अवसर का उपयोग बेहतर राष्ट्र के निर्माण के लिए करने का आग्रह किया। यूरोप से देश लौटने से एक दिन पहले एक बयान में उन्होंने कहा, मैं सभी से शांत रहने की अपील करता हूं। कृपया सभी प्रकार की हिंसा से बचें।

मुहम्मद यूनुस ने अपने संदेश में कहा कि- शांत रहें और देश के निर्माण के लिए तैयार रहें। अगर हम हिंसा का रास्ता अपनाएंगे तो सब कुछ नष्ट हो जाएगा। यह हमारा सुंदर देश है। हमें इसे संरक्षित करना चाहिए और इसे अपने और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अद्भुत देश बनाना चाहिए। इधर शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश से बाहर जाने के बाद जेल से रिहा हुईं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने आज अस्पताल से अपना संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मेरे स्वास्थ्य और आजादी के लिए प्रार्थना की उन सभी को धन्यवाद है। जिया ने आगे कहा कि हमारे बहादुर बच्चों के प्रयासों से देश आजाद हुआ है। इस जीत ने हमें एक नई शुरुआत दी है। हमें लोकतंत्र के लंबे समय से चले आ रहे मलबे और भ्रष्टाचार के ढेर से एक नया देश, एक समृद्ध बांग्लादेश बनाना है।



# पूर्व विधायक ने विस्थापन को लेकर कोयला मंत्री को सौंपा माँग पत्र

## नगर पालिक निगम सिंगरौली के शहरी वार्डो का हो रहा अधिग्रहण

**सिंगरौली।** जिले के मोरवा शहर का एनसीएल सिंगरौली द्वारा भूमि अधिग्रहण धारा 4 के बाद फ़रवरी 2024 में धारा 9 लगाने बाद से घरों की नपाई एवं मुआवज़ा एवं पुनर्वास विस्थापन की प्रकिया शुरू है उसके अनुरूप सिंगरौली विस्थापन मंच के सरंक्षक रूप में पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य ने कोयला एवं खा़न मंत्री भारत सरकार से मिलकर माँग पत्र सौंपा साथ में रेलवे सहलाकर समिति सदस्य एसके गौतम उपस्थित रहे। पूर्व विधायक ने पत्र में लिखा कि बडी ही विनम्रता पूर्वक आपका ध्यान अपने विधान सभा क्षेत्र सिंगरौली की ओर दिलाना चाहूंगा। मै इस क्षेत्र का मूल निवासी हू, कई बार विस्थापन होने के उपरान्त इस क्षेत्र के लोगों के पास पुस्तैनी जमीन कृषि कार्य करने हेतु अत्याधिक संकुचित हो चुकी है। औद्योगिक और नगरीय क्षेत्र होने के कारण उपयोगिता और डिमांड अधिक होने के फलस्वरूप भूमि के मूल्य ज्यादा है, समस्त कृषि भूमि विकसिक भू-खण्ड की श्रेणी की है। अत: प्रतिकर (मुआवजा) की गणना करते समय कलेक्टर गाईड लाईन (बाजार मूल्य) के कालम को ध्यान में रखकर विकसित भू-खण्ड के मान से किया जाए। अत: मूल्यांकन प्रतिवर्ग मीटर की दर का हो, कलेक्टर गाईड में अधिक भू-खण्ड के क्रय विक्रय पर मूल्य को कम करने का उद्वेश्य पंजियन शुल्क में ज्यादा स्टाम्प न लगे इस लिहाज से की जाती भूमि का मूल्य छोटी भूमि या बड़ी भूमि से नही। गाईड लाईन में जो मूल्य है वह कास्तकार को किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नही। विकसित भू खण्ड की दर से भुगतान हो या आपसी चर्चा एन.सी.एल. करके एक मूल्य निंधारित करे।पूर्व विधायक ने कहा अत्याधिक खेद का विषय है कि पूर्व में सी.बी.ए. एक्ट से यहाँ के भू-खण्ड जो अधिग्रहित हुए हैं उसमे भूमि एवं परसम्पत्तियों दोनो



में ही प्रथम वर्ष 9 प्रतिशत और दूसरे वर्ष से 15 प्रतिशत प्रति वर्ष साथ ही इसके अलावा धारा 4 से धारा 9 तक या अधिकतम तीन वर्ष तक 12 प्रतिशत अतरिक्त मूल्य दिया जाता रहा है। अब वर्तमान लार अधिनियम 2015 से कोयला क्षेत्र अनुसूची 4 में होने के कारण सिर्फ भूमि पर 12 प्रतिशत अतरिक्त दिया जा रहा है, परसम्पत्तियो में कुछ भी नही दिया जा रहा। जबकि इसी जिले में निजी कोयला खदानों हेतु भूमि अधिग्रहण में या रेलवे के लिये भूमि अधिग्रहण में परसम्पत्तियों भवन आदि में 12 प्रतिशत अतरिक्त दिया जा रहा है। इस प्रकार एक अधिनियम से एक ही जिले में प्रतिकर की गणना अलग-अलग मान से कर स्थानीय जनता में आक्रोष बढाया जा रहा है। नया कानून विस्थापितों के हित में व्याख्या करता है, लेकिन सी.बी.ए. एक्ट द्वारा जिस तरह गणना की जा रही है इससे अच्छा तो पुराना कानून ही है।

### पुर्नवास स्थल का कोई ब्लूप्रिंट नही तैयार

आग्रह है कि इस बात में गहनता से विचार हो और सम्पूर्ण राशि भूमि/भवन दोनों के योग पर 12 प्रतिशत अतरिक्त दिये जाने पर मंत्रालय विचार करें। गत कुछ माह पूर्व कोयला मंत्रालय के सचिव श्री मीणा सिंगरौली एन.सी.एल. मुख्यालय आये थे और विस्थापितों से चर्चा की थी, मैं स्वयं उस चर्चा में शामिल था। उन्होने शहर का भ्रमण भी किया था एवं आस्वासन दिया था कि आप जिस हाल में रहते हैं उससे बेहतर स्थिती में सर्व सुविधा युक्त पुर्नवास स्थल होगा और यहाँ का पूर्नवास स्थल भारत का सबसे सुन्दर पुर्नवास स्थल के रूप में जाना जायेगा। अभी प्रस्तावित पुर्नवास स्थल की स्थिती यह है कि अभी तक सीएमडी ने शासन द्वारा मांगी गई राशि तक नही जमा कराई और बार-बार मांग करने के उपरान्त पुर्नवास स्थल का कोई ब्लूप्रिंट (डिजिटल) तक नही तैयार किया, अत: शीघ्र समस्त सुविधा और योजना के अनुरूप ब्लूप्रिंट तैयार कराने के निंदेश हो ताकि हम सब आस्वस्थ हो सकें कि सचिव महोदय द्वारा जो आस्वासन दिया गया था, वह सत्य है।

### शहरी क्षेत्र में 50 डिसमिल पर मिले नौकरी

ग्रामों में कृषि भूमि के अधिग्रहण में 2 एकड़ भू-खण्ड पर एक नौकरी का नीयम ठीक है, किन्तु जब अधिग्रहण शहरी क्षेत्र (नगर पालिक निगम) जहाँ सम्पूर्ण क्षेत्र में बामुशकिल 15-20 ही एसे भू स्वामी होगें जिनके पास 2 एकड़ भूमि होगी और इस विस्थापन में नौकरी तकरीबन एक हजार होगी, अत: अनुरोध है कि भू-खण्ड प्रति नौकरी 50 डिसमिल शहरी क्षेत्र के लिए किया जाना चाहिए।

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर का आकास्मिक निरीक्षण किया



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर का आकास्मिक रूप से निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय के द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। साथ ही भर्ती मरीजो को दिये जाने वाले भोजन के गुणवत्ता की जानकारी ली गई। ओपीडी में आने वाले मरीजो की सख्या के साथ साथ उनको प्रदाय की जाने वाली दवाओं के वितरण की भी जानकारी ली गई।कलेक्टर ने भर्ती मरीजो के हालचाल जानने के पश्चात चिकित्सालय में स्थापित वार्डो के साथ साथ पैथालाजी लैब, लेबर रूम, एएनसी एवं पीएनसी वार्ड की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित चिकित्सक को मरीजो को दवाएं उपलब्ध कराने के साथ साथ चिकित्सालय की साफ सफाई एवं टायलेट की साफ सफाई कराये जाने का निर्देश दिया गया। वही कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा एनआरसी में भर्ती कुपोषित बच्चो के स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी लेने हेतु स्वंय एनआसी कंक्ष में पहुचे।एनआरसी प्रभारी के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में दो बच्चे भर्ती है साथ ही इनको प्रदाय किये जाने वाले पौष्टिक आहारो की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बच्चो के अभिभावको से भी हो रहे सुधार के बारे में तथा दिये जाने वाले पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी ली गई। एवं उपस्थित अमले को आवश्यक निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, तहसीलदार, जनपद पंचायत के सीईओ सहित चिकित्सक गण उपस्थित रहे।

# डीपीटी,टीडी टीकाकरण अभियान का 8 अगस्त को विद्यालयों में होगा आयोजन

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एनके जैन के निर्देशन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ पंकज सिंह की अगुवाई में शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण जिला सिंगरौली में समस्त शासकीय स्कूलों में डीपीटी टीडी टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें बच्चों में होने वाली जानलेवा एवं घातक बीमारी डिप्थीरिया (गलघोटू), परट्यूटिस (काली खांसी), टिटनेस (धनुष्टकार) जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षा कवच प्रदान होगा। यह अभियान स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके लिए सशक्त कार्ययोजना बनाई गई है, जिले में 08 अगस्त 2024 को 171 स्कूलों में कक्षा पांचवीं के 3124 तथा कक्षा 11वीं के 2025 विद्यार्थियों को तथा 22 अगस्त 2024 को 169 स्कूलों में कक्षा पांचवीं के 2910 तथा कक्षा 11वीं के 2504 विद्यार्थियों तथा 29 अगस्त 2024 को 153 स्कूलों के कक्षा पांचवीं के 2711 तथा कक्षा 11वीं के 2759 विद्यार्थियों का टीकाकरण किया जावेगा। इस प्रकार जिले में कुल 493 स्कूलों में कक्षा 5वीं के 8745 तथा कक्षा 11वीं के 7288 विद्यार्थियों का टी0डी0 वैक्सीन से टीकाकरण किया जावेगा ।समस्त अभिभावकों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 एन0 के0 जैन ने अपील करते हुए कहा है कि उपरोक्त दिनांकों में अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें साथ ही बच्चे कुछ खाकर ही विद्यालय आयें, खाली पेट न आयें, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# भारी बारिश के कारण गांवों में हुई छति का जायजा लेने पहुँचे जपं अध्यक्ष

**सिंगरौली।** जनपद पंचायत देवसर के कुछ आदिवासी बाहुल्य गांवों में विगत दिनों भारी बारिश के कारण छति होने की सूचना मिलते ही जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रणव पाठक ने गांवों में पहुँचना शुरू कर ग्रामीणों कि वास्तविक छति का जायजा लेनें एवं पीड़ित परिवार के साथ भेंट मुलाकात शुरू करते हुए कई ग्राम पंचायतों का दौरा किये। श्री पाठक ने देवसर जनपद पंचायत के मुख्यालय ग्राम पंचायत नौढिया आबाद का भ्रमण कर ग्राम भटवा टोला जहां सिर्फ कोल समाज के लोग रहते है उनके कच्चे मकान भारी बारिश के कारण पुर्णत: ढह गये एवं कुछ आंशिक रूप से गिरे हुए है, उनको और उनके परिवारजनों को फौरी राहत पहुँचाते हुये खाद्यान्न एवं भविष्य



में ऐसी स्थिति पुन: ना निर्मित हो उसके लिए उनका सही स्थान पर निवास तय कराया एवं स्थानीय प्रशासन से शासन द्वारा दी जाने वाली राहत को तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। यह ज्ञात हो कि श्री पाठक अपने जनपद पंचायत क्षेत्र में जनता के सुख दु:ख के साथ खड़े रहने वाले जनप्रतिनिधियों में से है पूँछने पर श्री पाठक ने बताया कि मेरे द्वारा आमजनों से जानकारी प्राप्त हुई कि क्षेत्र में बारिश के कारण मकान गिर गए है मैं तत्काल बारिश थमने के बाद कई गांवों में जाकर जो स्थानीय एवं सार्वजनिक छति हुई है उसका भौतिक रूप से जायजा लिया जा रहा और स्थानीय लोगों की समस्या का निदान के लिए अपने स्तर पर एवं जिला प्रशासन तक पहुँचाने का निरतंर कार्य किया जा रहा है।

# प्रदेश भर में 10 अगस्त को 25 हजार स्थानों पर बहनों के सम्मान का होगा उत्सव

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में दिए निर्देश

**सिंगरौली**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाड़ली बहना उत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 25 हजार स्थानों में 10 अगस्त को बहनों के सम्मान का उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दिन लाड़ली बहना योजना के हितग्राही बहनों को 1250 रुपए तथा रक्षाबंधन पर्व के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की जाएगी। इस कार्यक्रम का जिला, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत तथा सभी नगरीय निकायों के वार्डों में सजीव प्रसारण सुनिश्चित करें। इन स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद आदि शामिल होंगे। सामारोह में अधिक से अधिक बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करें। पूरे प्रदेश में रक्षाबंधन पर्व तक बहनों के सम्मान के कार्यक्रम लगातार आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश राजपत्र क्रमांक 27 दिनांक 08 फरवरी 2024 द्वारा कम्पोजिट मदिरा दुकानो एकल समूहो के निष्पादन व्यवस्था वर्ष 2024-25 की कंडिका क्रमांक 40.1 के अन्तर्गत शुष्क दिवसों की घोषणा की गयी है । उक्त घोषित शुष्क दिवसों में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है ।अत: 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकाने, एफ.एल.-2, 3, आर.एस.डब्लू-1 वाइन सॉप तथा स्टोरेज मद्यभाण्डागार बैढ़न बन्द रखी जाकर मदिरा का क्रय-विक्रय एवं परिवहन प्रतिबंधित करते हुए शुष्क दिवस घोषित किया जाता है।

# सामुदायिक भवन बैढ़न में होगा श्री रामकथा महोत्सव

**सिंगरौली।** श्री तुलसी जयंती महापर्व के पावन अवसर पर श्री रामकथा महोत्सव का 19वां आयोजन 11 से 17 अगस्त तक सामुदायिक भवन बैढ़न में शाम 5 बजे से आरंभ होगा। जहां कई विद्वान वाराणसी, कानपुर एवं प्रयागराज से शिरकत करेंगे।

जानकारी के अनुसार श्री तुलसी जयंती के महापर्व के पावन अवसर पर 19वां श्री रामकथा का अनुष्ठान आगामी 11 अगस्त से आरंभी होकर 17 अगस्त तक चलेगा। जहां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री रामचरित मानस के विद्वानों द्वारा



श्री रामकथा सुनाया जाएगा। यह आयोजन बैढ़न के सामुदायिक भवन में रोजाना शाम 5 बजे से शुरू होगा। जिसमें डॉ. विद्या भूषण पाण्डेय मानस सम्राट, डॉ. आलोक मिश्रा मानस पियूष कानपुर एवं संगीत पाण्डेय संगीत सम्राट प्रयागराज श्री रामकथा का प्रवचन करेंगे। उक्त आयोजन के संयोजक अंजनी तिवारी वरिष्ट अधिवक्ता ने बताया है कि इसके लिए श्याम सुन्दर अग्रवाल को अध्यक्ष, नीरज कारीवाल व्यवस्थापक, जीवेन्द्र सिंह चौहान उपाध्यक्ष , प्रभात गोश्वामी सचिव, प्रवेश तिवारी कोषाध्यक्ष, कांति प्रसाद वर्मा को प्रचारक रामशिरोमणि गुप्ता को सचेतक एवं पुष्पराज सिंह प्रबंधक को मार्गदर्शक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# भाजपा द्वारा आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन सामुदायिक भवन बैढ़न में आज

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली की ओर से आयोजित एक बुद्धिजीवी सम्मेलन आज 8 अगस्त 2024 को बैढ़न के सामुदायिक भवन में आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री शरतेन्दु तिवारी उपस्थित रहेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी श्रीमती प्रक्षा त्रिपाठी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष करेंगे। संगठन ने कार्यक्रम की दृष्टिकोण से जिला उपाध्यक्ष अरविंद दुबे को इस कार्यक्रम का प्रभारी बनाया है तथा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनोद द्विवेदी के नेतृत्व में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ इस कार्यक्रम को सम्पन्न करायेगा। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि केंद्र सरकार का सार्वभौमिक बजट 24-25 इस सम्मेलन के केंद्र बिंदु में रहेगा तथा वक्ताओं द्वारा इस बजट की विशेषताएं बुद्धिजीवियों के बीच साझा की जायेंगी तथा उनका बहुमूल्य सुझाव लिया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी ने समाज के समस्त वरिष्ठों, बुद्धिजीवियों तथा नागरिकों को इस सम्मेलन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर उपखंड अधिकारी ने समस्त विभाग प्रमुख के साथ की बैठक

**सिंगरौली।** पूरे भारत देश में स्वतंत्रता दिवस का पर्व 15 अगस्त बड़े ही धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ सभी धर्म को लोग मिलकर मनाते हैं। इस त्यौहार को मनाने में कई तरह की व्यवस्थाएं की जाती है साथ ही भारत के गौरव और भारतीय संस्कृति लोकनृत्य, लोकगीत एवं कई गतिविधियों पर प्रदर्शनी भी की जाती है जिसको दृष्टिगत रखते हुए उपखंड कार्यालय चितरंगी में उपखंड अधिकारी सुरेश जादव की अध्यक्षता में चितरंगी उपखण्ड अंतर्गत संचालित समस्त विभागों के विभाग प्रमुखों की आवश्यक बैठक बुलाई गई।उक्त बैठक में स्वतंत्रता दिवस को मनाने और उसकी तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।वहीं शासन के द्वारा 15 अगस्त को धूमधाम से मनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए है,साथ ही प्रत्येक विभाग को अलग-अलग कार्य भी सौपे गए. जिसमे साफ-सफाई कार्य ग्राम पंचायत चितरंगी को,मिष्ठान वितरण का कार्य एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन,चिकित्सा व्यवस्था खंड चिकित्सा अधिकारी चितरंगी हरिशंकर बैस,विद्युत की व्यवस्था कनिष्ठ यंत्री राजीव चौरसिया,कार्यक्रम स्थल पर विशेष बैठक व्यवस्था हेतु ऐनआर एल एम को सौंपा गया है। एवं अन्य व्यवस्था अन्य विभागों को सोपा गया है, स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम संयुक्त रूप से खेल मैदान चितरंगी में मनाया जाएगा। वही सभी को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए एवं कार्यक्रम अच्छे से संपन्न हो सभी की जिम्मेदारी बनती है। इस दौरान एसडीओपी आशीष जैन, तहसीलदार एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चितरंगी ऋषिनारायण सिंह,नायब तहसीलदार मौहरिया आरके बंसल,नायब तहसीलदार कोरावल महेंद्र कोल, बीइओ चितरंगी मिश्रीलाल सिंह, प्राचार्य महाविद्यालय, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, प्राचार्य सीएम राइज विद्यालय, प्राचार्य कन्या विद्यालय, कनिष्ठ यंत्री, बीआरसीसी आर आई,सहित सभी विभागों के विभाग प्रमुख मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार

## विभिन्न प्रकरणो के 8 आरोपियो को मोरवा पुलिस ने पकड़ा

**सिंगरौली।** मोरवा थाना पुलिस ने नाबालिक बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया है। वही मोरवा थाना में दर्ज विभिन्न प्रकरणों के 24 घंटे में तीन स्थाई पांच गिरफ्तारी वारंट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। अलग अलग प्रकरण में फरार दो स्थाई वारंटी को ओबरा से पकड़कर कार्यवाही की गई। आरोपी पीछले 11 वर्षो से मंदिर में नाम बदलकर वारंटी रहा था। पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, एसडीओपी मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन पर लगातार फरार आरोपियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी को स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों सहित बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को एक 17 वर्षीय नाबालिक बालिका ने थाना मोरवा में पूर्णेन्द्र कुमार सिंह उर्फ पिंटू पटेल निवासी पंजरेह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे आरोपी ने 5 दिन तक अपने घर में रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिस पर थाना मोरवा में आरोपी के विरुद्ध 137(2), 96, 127(3), 64(2)(उ), 351(3) बीएनएस, 3, 4, 51, 6 पाक्सो एक्ट कायम कर उसकी तलाश की जा रही थी। जिसे मंगलवार को सीईटीआई बस्ती से घर दबोचा गया। वहीं थाना प्रभारी मोरवा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की रामलल्लू अगरिया निवासी बगैया थाना चितरंगी जिसकी अलग-अलग दो प्रकरणों में लगातार फरार रहने के कारण स्थाई वारंट जारी हुआ था जो अपना नाम लल्लू एवं गृह स्थान छत्तीसगढ़ बता कर मिट्टी खदान ओबरा के बीच में दुर्गा मंदिर परिवार सहित रह रहा है।

# पुलिस चौकी निगरी द्वारा 10 वर्ष से फरार आरोपी वारंटी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में एवं राहुल कुमार सैयाम, एसडीओपी देवसर व थाना प्रभारी सरई शिव प्रताप सिंह के मार्गदर्शन मे यह कामयाबी मिली है। पुलिस के अनुसार धारा 379 भादवि में फरार आरोपी वारंटी रामरतन यादव पिता राजरुप यादव निवासी ग्राम धनवाही चौकी निगरी थाना सरई जिला सिंगरौली को निगरी की पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ से बीते 6 अगस्त को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय किया गया पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी उनि प्रियंका सिंह बघेल, प्रआर भगवानदीन सिंह, कैलाश सिंह, आर. सतीश वास्कले, शुभम बोहत, मनोहर देवड़ा, लालू रावत की सराहनीय भूमिका रही है।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा हस्त निर्मित आर्टिफिशियल ज्वेलरी एवं राखी प्रदर्शनी का आयोजन

**सिंगरौली।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका खुला आश्रय गृह की बालिकाओं द्वारा डीडीआरसी सभागार में विभिन्न चित्र कलाओं के आधार पर हस्त निर्मित आर्टिफिशियल ज्वेलरी एवं राखी तैयार कर स्टॉल लगाया गया जिसमें बेहतरीन कलेक्शन की भरमार है । यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिंगरौली न्यायाधीश सुशील सिंह चौहान एवं सचिव सुधीर सिंह राठौड़ के उपस्थिति में संपन्न हुआ । रेडक्रॉस चेयरमैन एसडी सिंह के द्वारा आए हुए अतिथियों का अपने उद्बोधन में स्वागत किया गया एवं रेडक्रॉस की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया



गया । मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि शोषित वंचित बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, एवं कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित बालिका खुला आश्रय गृह के माध्यम से किया जा रहा है जिससे उनको प्रशिक्षण प्रदान कर समाज के मुख्य धारा में जोड़कर बालिकाओं के भविष्य को संवारा जा सके । अपने उद्बोधन में उन्होंने बालिकाओं के प्रति कहा कि यह समाज जितना पुरुषों का है उतना ही महिलाओं का भी है मां बाप एक माध्यम होते है, सभी का अपना स्वाभिमान होता है आप उस लहजे से केवल अपनी सोच को बदलिए अपने आप बहुत कुछ बदल जाता है । इस अवसर पर आश्रय गृह की बालिकाओं द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के कलाई पर राखी बांधा गया और समाज में यह संदेश दिया गया कि महिला सशक्तिकरण , शिक्षा, जागरूकता, साक्षरता और प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं की स्थिति को ऊपर उठाना शामिल है । साथ ही वहां पर उपस्थित रेडक्रॉस चेयरमैन एवं प्रबंध समित के सदस्यों के कलाई पर बालिकाओं द्वारा रक्षा सूत्र बांध कर शुभाशीर्वाद प्राप्त किया गया ।कार्यक्रम के दौरान आश्रय गृह के कोऑर्डिनेटर शिरीन खान के द्वारा आश्रय गृह के कार्यों के बारे एक प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया एवं उसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । कार्यक्रम का सफल मंच संचालन रेडक्रॉस सचिव डॉ डी के मिश्रा द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती मनोरमा शाहवाल के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य आरती पांडे,

सीएमपीडीआई कंपनी जयंत से नितिन कुमार एवं रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन गोविंद प्रसाद पाण्डेय, सचिव डॉ डी के मिश्रा, जी.पी.सिंह, ब्लड सेंटर मेडिकल डायरेक्टर डॉ आर डी द्विवेदी, डॉ आर डी पांडे, जितेंद्र सिंह, राजा राम केशरी, बबिता जैन एवं रेडक्रॉस सदस्य अमित राज की गरिमामय उपस्थिति रही ।

# प्रदेश भर में 11 से 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान : मुख्यमंत्री

## प्रदेश भर में 10 अगस्त को 25 हजार स्थानों पर बहनों के सम्मान का होगा उत्सव

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में दिए निर्देश

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाड़ली बहना उत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 25 हजार स्थानों में 10 अगस्त को बहनों के सम्मान का उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दिन लाड़ली बहना योजना के हितग्राही बहनों को 1250 रुपए तथा रक्षाबंधन पर्व के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की जाएगी। इस कार्यक्रम का जिला, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत तथा सभी नगरीय निकायों के वार्डों में सजीव प्रसारण सुनिश्चित करें। इन स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद आदि शामिल होंगे। सामारोह में अधिक से अधिक बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करें। पूरे प्रदेश में रक्षाबंधन पर्व तक बहनों के सम्मान के कार्यक्रम लगातार आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में 11 अगस्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए प्रशासनिक अधिकारी तिरंगे की व्यवस्था करेंगे। इसमें जनप्रतिनिधि भी पूरा सहयोग करें। राष्ट्रध्वज हम सबके लिए सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक है। प्रत्येक शहर, कस्बे तथा गांव में तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा तथा अन्य आयोजन करके हर घर तिरंगा अभियान के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएं। हर नागरिक को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। स्वसहायता समूहों तथा पोस्ट आफिस में पर्याप्त मात्रा में तिरंगे उपलब्ध हैं। अभियान के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा शहीदों के परिजनों को सम्मानित करें। स्थानीय कलाकारों के माध्यम से तिरंगे की शान और देशभक्ति के गीतों के कार्यक्रम आयोजित कराएं। ध्वज संहिता का पालन करते हुए हर घर में तिरंगा फहराया जाए।




मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए विभिन्न संचार माध्यमों में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध कराएं। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सभी शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक संगठनों, खेल संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा अन्य संगठनों को भी इस अभियान में शामिल करें। यह अभियान राष्ट्र के गौरव का अभियान है। हमने अनगिनत शहीदों के बलिदान और कठिन संघर्ष के बाद आजादी प्राप्त की है। नई पीढ़ी को भी शहीदों के बलिदान से अवगत कराने का माध्यम हर घर तिरंगा अभियान को बनाएं।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का अभियान जारी रखें। यह वर्ष रानी दुर्गावती के 500वां जन्मवर्ष तथा रानी अहिल्याबाई का 300वां जन्मवर्ष है। इन्हें भी लाड़ली बहना उत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान में याद करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ तथा अतिवृष्टि से सुरक्षा के उपाय, जर्जर भवनों को नोटिस देकर गिराने के निर्देश दिए। पूरे प्रदेश में आगामी 26 अगस्त को पूरे उत्साह के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाएं। सभी कृष्ण मंदिरों तथा अन्य मंदिरों के परिसरों में विशेष साफ-सफाई कराकर आकर्षक सजावट कराएं। जिस तरह मथुरा में जन्माष्टमी मनाई जाती है उसी तरह पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी मनाएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मंत्रीगण, विधायक तथा सांसद एवं मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

कलेक्ट्रेट एनआईसी केन्द्र से विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राहुल धोटे, अपर कलेक्टर श्री राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास श्री नीलेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए।

---

खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना अन्तर्गत

## डी.एस.आर. विधि से आयोजित धान प्रदर्शनों का अवलोकन किया गया : उप संचालक कृषि



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में सीधी जिले के किसानों के यहां वर्ष खरीफ 2024 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा धान एवं न्यूट्रीसीरियल योजना अन्तर्गत कृषक सूरज सिंह ग्राम बघवारी विकासखण्ड सीधी के यहां ज्वार प्रदर्शन एवं डी.एस.आर. धान प्रदर्शन (किस्म जे.आर. 206), राजेश सिंह ग्राम बघवारी विकासखण्ड सीधी के यहां आयोजित ज्वार प्रदर्शन का अवलोकन दिनांक 07.08.2024 को संजय कुमार श्रीवास्तव उप संचालक कृषि सीधी, विवेक कुमार दुबे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीधी, बंटीलाल तकनीकी सहायक सीधी, दिनेश कुमार मिश्रा कृषि विस्तार अधिकारी सीधी द्वारा अवलोकन करते हुये मौके पर ज्वार, अरहर, धान की फसल स्वस्थ पाई गई। किसानों को नैनो यूरिया का छिड़काव तथा कैफेटेरिया के घटकों का उपयोग करने की सलाह दी गई एवं जल निकास, पौधसंरक्षण, निदाई गुड़ाई आदि की जानकारी दी गई।

---

## वृक्षारोपण और केक काटकर मनाया गया जन्मदिन



**सीधी।** सीधी के युवा समाजसेवी भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश कल्याण सचिव भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष और अखिल भारतीय कोरी समाज के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने जन्मदिन के अवसर पर दिन की शुरुआत चिरहुला नाथ मंदिर में हनुमान जी के दर्शन से की इसके बाद चुरहट विधान सभा के कोस्टा में भाजपा चुरहट मंडल अध्यक्ष रजनीश शुक्ला और भाजपा अजा मोर्चा चुरहट मंडल अध्यक्ष राजेश कोरी के नेतृत्व में औषधीय गुणों से परिपूर्ण आंवला के पौधे लगाकर और केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तत्पश्चात सीधी नगर में युवा समाजसेवी डॉ. अनूप मिश्रा और नगर मंडल पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष प्रभात कुशवाहा के नेतृत्व में केक काट कर जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी रितेश पांडेय, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक महेंद्र यादव, बुनकर प्रकोष्ठ जिला मीडिया प्रभारी अजय साकेत, शक्तिकेन्द्र कोस्टा कोठार सहसंयोजक राजेश शुक्ला, भाजपा कार्यकर्ता मनीष सिंह, विवेश साकेत स्वदीप शुक्ला, शिवप्रसाद साकेत, सविता कोरी, अर्चना मौर्या, प्रतिमा कोरी, अजय मौर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

---

## तुलसी जयंती पंच दिवसीय समारोह मानस भवन में आयोजित

सीधी

श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के तत्वाधान में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के पावन अवसर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 11 अगस्त से 15 अगस्त तक सायं 6 से 9 के मध्य मानस भवन सीधी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

तुलसी जयंती समारोह के संयोजक उदय कमल मिश्र अधिवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्रीराम चरित मानस समिति सीधी के अध्यक्ष स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सीधी के निर्देशानुसार गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य मे 11 अगस्त से 15 अगस्त तक मानस भवन सीधी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्र छात्राओं की विशेष सहभागिता के लिए कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सीधी के द्वारा शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों को छात्र छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में 11 अगस्त को राष्ट्र चिंतन तुलसी दास और हम पर व्याख्यान के अतिरिक्त सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले मनीषियों का सम्मान किया जावेगा साथ ही विपरीत परिस्थितियों एवं संसाधनों के अभाव में गौ वंश की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले गौ वंश प्रेमियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। 12 अगस्त को श्रीराम चरित मानस आधारित अंताक्षरी,गौ वंश के महात्म पर व्याख्यान एवं मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 13 अगस्त को सावन गीत,लोक गीत, राष्ट्र गीत,भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 14 अगस्त को लोक नृत्य, सामूहिक,एकल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 15 अगस्त को विशेष प्रस्तुतियों के अतिरिक्त पंच दिवसीय तुलसी जयंती समारोह में सहभागी सभी छात्र छात्राओं एवं अन्य कलाकारों के साथ आयोजन समिति के सम्मानित सदस्यों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा।

मिश्र ने यह भी जानकारी दी की तुलसी जयंती समारोह को गरिमामय स्वरूप में आयोजित करने के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों, न्यायाधीशों ,समाज सेवियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के द्वारा प्रत्येक दिवस अतिथियों ,आगंतुक गणमान्य जनों, गो वंश प्रेमियों, सहभागी छात्र छात्राओं एवं अयोजन समिति के सदस्यों को रामचरित मानस, सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा भेंट की जायेगी, आयोजन समिति के द्वारा गोस्वामी तुलसी दास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमो में शामिल होने के लिए अपेक्षा की गई है।

---

## मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रताड़ितों को बचायें : अजय सिंह

### खास विचारधारा को लेकर गुप्त एजेंडा चल रहा है

### मिशनरी संचालकों को अकारण मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है



**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार योजनाबद्ध तरीके से प्रदेश में एक खास विचारधारा को लेकर गुप्त एजेन्डा चला रही है। वह ईसाई मिशनरियों के संचालकों को अकारण पुलिस भेजकर डरा धमका रही है। बिना सर्च वारन्ट के और बिना कारण बताये वरिष्ठजनों को घर से उठाया जा रहा है। पुलिस के इस रवैये के कारण इस समुदाय के लोग डरे हुये और आश्चर्यचकित हैं। जबकि नब्बे प्रतिशत नागरिक और रहवासी उनके समर्थन में खड़े हैं। एक खास विचारधारा से ताल्लुक रखने वाले दस प्रतिशत लोग ही उनका विरोध करते हैं जिनका सरकार साथ देती है। अजयसिंह ने कहा कि ताज़ा वाकया दमोह जिले का है जहाँ पिछले छह सात पुश्तों से डा. अजयलाल का परिवार सेवारत है। डा. अजयलाल को अकारण परेशान किया जा रहा है। डा. लाल वह शख्स हैं जिन्होंने कोरोना काल में सैकड़ों लोगों की पूरे मनोयोग से मदद की। इसके गवाह वहाँ के रहवासी हैं। दमोह उनकी कर्मभूमि है जहां वे अनाथ और बेसहारा बच्चों को सहारा देते हैं। सब जानते हैं कि समाज की सेवा, एजुकेशन और हेल्थ केयर के लिये कौन काम कर रहा है और कौन डिस्ट्रिक्टिव हो रहा है। पुलिस जो भी कर रही वह सबके सामने है। यह बात अमेरिका से आये डा. लाल के बेटे बहू कह रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस बल ने उनके घर को घेर रखा है। डा. लाल का कुछ पता नहीं है कि पुलिस उन्हें कहां ले गयी है। वे सीनियर सिटीजन हैं।

सिंह ने कहा कि दिन भर पुलिस ने डा. लाल से पूछताछ की। उन्होंने न तो खाना खाया और न ही उन्हें दवाई दी गई। अभी उनका कुछ पता नहीं है। पुलिस उन्हें अपराधी कह कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। पुलिस यह भी नहीं बता रही है कि डा. लाल कहाँ हैं। अजयसिंह ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से आग्रह किया है कि वस्तुस्थिति पता करके तत्काल डा. लाल और उनके परिवार को अकारण दी जा रही मानसिक प्रताड़ना से बचायें अन्यथा दमोह में अप्रिय स्थिति बन सकती है।

---

## 18 वर्ष से फरार इनामी स्थाई वारंटी को पुलिस ने झारखंड राज्य से किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा फरार वारेंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मोरवा पुलिस ने बीते 18 वर्षों से मारपीट के मामले में फरार चल रहे इनामी स्थाई वारंटी को झारखंड राज्य से। गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

जानकारी अनुसार मोरवा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि मारपीट का आरोपी शशिकांत साहू अपना नाम बदलकर अरविन्द प्रसाद के रूप में ग्राम सरिया झारखंड में रह रहा है। मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी ने इस सूचना के आधार पर अतरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय की सतत निगरानी में सहायक उपनिरीक्षक उमेश अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक संजय सिंह परिहार, विपिन तोमर एवं आरक्षक सुरेश परस्ते की टीम रवाना कर प्रकरण क्रमांक 1433/06 धारा 452, 294, 323, 506(ब) 34 ताहि के आरोपी शशिकांत साहू उर्फ़ अरविन्द प्रसाद उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर 2 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया है।




---

## प्रकृति, संस्कृति और औद्योगिक समृद्धि का अद्वितीय अनुभव : विकास

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले की यात्रा की योजना बनाई, तो मुझे अंदाजा नहीं था कि यह यात्रा मेरे लिए कितनी यादगार और समृद्ध अनुभवों से भरी होगी। मध्यप्रदेश के इस खूबसूरत कोने में मैंने प्रकृति की अद्वितीय छटा, सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक विकास का अद्भुत संगम देखा। यहाँ मैं अपने सिंगरौली यात्रा के अनुभव को साझा कर रहा हूँ। उक्त बाते विकास मेवाड़ा ने कही।

रिहंद बांध और गोविंद वल्लभ पंत सागर झील मेरी यात्रा का पहला पड़ाव था रिहंद बांध और इसके द्वारा बनाई गई गोविंद वल्लभ पंत सागर झील। बांध के विशालकाय ढांचे और झील के शांत नीले पानी ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया। यहाँ का नज़ारा इतना शांतिपूर्ण और मनमोहक था कि मैंने यहाँ कुछ समय बिताने का फैसला किया। झील के किनारे बैठकर, मैं इसकी खूबसूरती को निहारता रहा और ठंडी हवा का आनंद लेता रहा। नौकायन का अनुभव भी अद्वितीय था, जिससे मैंने झील की विस्तृतता को नज़दीक से देखा। धार्मिक स्थल इसके बाद, मैंने शक्तिनगर में स्थित शक्तिपीठ और जयंत शिव मंदिर की यात्रा की। इन धार्मिक स्थलों की भव्यता और शांति ने मुझे बहुत प्रभावित किया। मंदिर परिसर में घुमते हुए मैंने वहां की प्राचीन वास्तुकला और धार्मिक मान्यताओं के बारे में बहुत कुछ जाना। मोड़वन शिव मंदिर की यात्रा भी एक अविस्मरणीय अनुभव था, जहाँ मैंने प्राचीन मूर्तिकला और वास्तुकला का अद्भुत संगम देखा। औद्योगिक समृद्धि सिंगरौली को भारत की ऊर्जा राजधानी के नाम से जाना जाता है और यहाँ के औद्योगिक विकास को नज़दीक से देखना मेरे लिए एक नया अनुभव था। मैंने एनटीपीसी, रिलायंस पावर और एस्सार पावर जैसी कंपनियों के उत्पादन केंद्रों का दौरा किया। यहाँ के विशाल ऊर्जा संयंत्र और उनके द्वारा किया जा रहा कार्य देखकर मुझे भारत के ऊर्जा क्षेत्र में सिंगरौली के महत्व का अहसास हुआ। यह देखकर अच्छा लगा कि इन कंपनियों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्रदान किए हैं। संजय दुर्गा राष्ट्रीय उद्यान मेरी यात्रा का एक और प्रमुख आकर्षण था संजय दुर्गा राष्ट्रीय उद्यान। यहाँ की हरियाली, शांत वातावरण और वन्यजीवों का अद्भुत संसार देखना एक रोमांचक अनुभव था।

---

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 16 अगस्त

सीधी

सरकार ने किसानों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि को 16 अगस्त तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। निश्चित ही इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी और वह अधिक संख्या में योजना का लाभ ले पायेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति मे फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 16 अगस्त 2024 तक फसलों का बीमा करा सकते है। पहले इसके लिए अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 16 अगस्त तक कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी। उप संचालक कृषि सीधी संजय श्रीवास्तव ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत धान सिंचित फसल की बीमाधन राशि प्रति हेक्टेयर 40 हजार 860 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 817.20 रूपये है, धान असिंचित फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 855 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 617.10 रूपये है। अरहर फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 411 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 608.22 रूपये है, मक्का फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 29 हजार 586 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 597.12 रूपये है मूग फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 21 हजार 328 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 426.56 रूपये है। उड़द फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 21 हजार 735 रूपये जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 434.70 रूपये हैं। तिल फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 597 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 471.94 रूपये हैं ज्वार फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 15 हजार 803 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 316.06 रूपये है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 16 अगस्त 2024 है। अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने वाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहां कृषक का बैंक खाता है, के माध्यम से नजदीकी सीएससी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं, या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते है।

## संपादकीय

### भारत की इकॉनमी मजबूत

पिछले हफ्ते अमेरिका सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में जो गिरावट शुरू हुई, उसका असर सोमवार को भी भारतीय बाजार पर दिखा। अमेरिका में बिकवाली वहां इकॉनमी के मंदी में फंसने के डर से शुरू हुई। इस बीच, इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध की आशंका ने भी ग्लोबल सेंटिमेंट खराब किया है। अमेरिकी मार्केट में इससे पहले जो तेजी चली आ रही थी, वह ज्यादातर टेक्नॉलजी कंपनियों तक ही सीमित थी। वह भी इस वजह से क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की बदौलत इनकी ग्रोथ तेज बने रहने की भविष्यवाणियां की जा रही थीं, लेकिन जून तिमाही के इन कंपनियों के रिजल्ट आए तो उससे मार्केट को निराशा हाथ लगी। अमेरिका में मंदी का डर बढ़ने से वहां के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पॉलिसी को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या उसे ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देनी चाहिए थी? वैसे, मंदी का डर बढ़ने के बाद फेडरल रिजर्व कह चुका है कि वह जल्द ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा। मार्केट पर जापानी की मुद्रा येन में आई गिरावट का भी असर हो रहा है। बैंक ऑफ जापान (जैसे भारत में रिजर्व बैंक है) ने हाल ही में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। असल में, बड़े विदेशी निवेशक वहां बेहद कम ब्याज दरों पर कर्ज लेकर उसे भारत सहित दुनिया के दूसरे बाजारों में लगाते हैं। इसे येन कैरी ट्रेड कहा जाता है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और येन में आई गिरावट की वजह से अब ऐसे सौदे काटे जा रहे हैं। इससे भी मार्केट पर दबाव बढ़ा है। ग्लोबल बिकवाली की वजह से भारतीयों बाजार पर भले ही दबाव बढ़ा है, लेकिन इसकी तुलना अमेरिका के टेक्नॉलजी शेयरों में तेजी वाले मार्केट से नहीं की जा सकती। अव्वल तो भारतीय इकॉनमी बेहद मजबूत है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज थी। इस वित्त वर्ष में भी उसका यह दर्जा बना रह सकता है।

# न्याय से आशा एवं अहसास जगाते सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़

**'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' लेकिन प्रधान न्यायाधीश के अनुसार लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? दुर्भाग्य से यह प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है। यह ठीक है कि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने त्रस्त करने वाली न्याय प्रक्रिया को लेकर यह भी कहा कि यह स्थिति हम न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन यदि इस समस्या का निदान नहीं होता तो फिर एक कटु सच्चाई बताने का क्या लाभ? जस्टिस चंद्रचूड़ ने काफी सधा हुआ बयान दिया है तो न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए।**

(ललित गर्ग)

निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है।

50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से जुड़ी इस स्वीकारोक्ति ने हर संवेदनशील भारतीय के मन को छुआ कि अदालतों में लंबे समय से लंबित मामलों से तंग आकर लोग बस समझौता करना चाहते हैं। 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है' वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' लेकिन प्रधान न्यायाधीश के अनुसार लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? दुर्भाग्य से यह प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है। यह ठीक है कि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने त्रस्त करने वाली न्याय प्रक्रिया को लेकर यह भी कहा कि यह स्थिति हम न्यायाधीशों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन यदि इस समस्या का निदान नहीं होता तो फिर एक कटु सच्चाई बताने का क्या लाभ? जस्टिस चंद्रचूड़ ने काफी सधा हुआ बयान दिया है तो न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए।

निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में जहां वे पहले ही कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में रहे हैं वहीं अपनी बेबाक एवं सुधारमूलक टिप्पणियों से आम जनता की सराहना के पात्र बनते रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी भी चाहिए।



प्रधान न्यायाधीश ने स्वीकारा है कि कानून की इन स्थितियों में किसी तरह का समझौता समाज में पहले से व्याप्त असमानता को ही दर्शाता है। उन्होंने वादों के शीघ्र निपटान में लोक अदालतों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। निस्संदेह, गाहे-बगाहे न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका द्वारा न्याय मिलने में होने वाली देरी को लेकर चिंता जरूर जतायी जाती है, लेकिन इस जटिल समस्या के समाधान की दिशा में बदलावकारी प्रयास होते नजर नहीं आते। जिसके चलते तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता ही रहता है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज एवं चुनौतीपूर्ण स्थिति है। बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या लगभग 80 हजार है। उच्च न्यायालयों में इनकी संख्या 62 लाख के करीब है और निचली अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़। इसका अर्थ है कि लगभग पांच करोड़ लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं। इनमें से अनेक मामले ऐसे हैं, जो दशकों से लंबित हैं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट में दशकों पुराने कई मामले लंबित हैं। देश में तीनों स्तरों पर लंबित मामले न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की इस त्रासद न्याय व्यवस्था के बाबत देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

निश्चित ही भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी के अनुपात में पर्याप्त न्यायाधीशों व न्यायालयों की उपलब्धता नहीं है। निश्चित रूप से न्याय का मतलब न्याय मिलने जैसा होना चाहिए। न्याय समाज में महसूस भी होना चाहिए। न्याय त्वरित गति से होता हुआ भी दिखना चाहिए। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज व सरल तथा आम आदमी की पहुंच वाली होनी चाहिए। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती है वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसाकि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है।

न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं में न्यायिक प्रक्रिया की मांग लंबे समय से की जाती रही है। इस दिशा में कुछ प्रयास हुए भी हैं लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जिससे तारीख पर तारीख का सिलसिला थम सके। उम्मीद की जा रही है कि हाल ही में लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद स्थिति में सुधार हो सकेगा। केंद्र सरकार भी कहती रही है कि नये कानूनों का मकसद लोगों को सजा देने के बजाय न्याय दिलाने पर केंद्रित है। विश्वास किया जाना चाहिए कि इन प्रयासों से मुकदमों के निस्तारण में गति आएगी। देश की जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि दशकों से लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो। जिससे न्यायिक प्रक्रिया से हताश-निराश लोग समझौता करने को बाध्य न हों। विश्वास किया जाना चाहिए कि मुख्य न्यायाधीश की चिंता के बाद न्यायिक प्रक्रिया को सरल-सुगम बनाने के लिये अभिनव पहल हो सकेगी। जिससे आम लोगों की समय पर न्याय मिलने की आस पूरी हो सकेगी। इसके अलावा यह भी आवश्यक है कि सरकारें मुकदमेबाजी से बाज आएं, क्योंकि सबसे बड़ी मुकदमेबाज तो वे खुद हैं। नये तीन कानूनों के बाद मुकदमों की सुनवाई द्रुत गति से होगी, लेकिन देखना यह है कि ऐसा हो पाता है या नहीं? प्रश्न यह भी है कि आखिर करोड़ों लंबित मामलों का क्या होगा? ये वे प्रश्न हैं, जिनके उत्तर देश की जनता को चाहिए। जनता समस्याओं का उल्लेख नहीं, बल्कि उनका समाधान चाहती है। इससे इनकार नहीं कि अपने देश में आबादी के अनुपात में न्यायालयों और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या नहीं है और यह संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है, निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

# इस्लामिक देशों की अशांति से भारत को क्या सबक लेना चाहिए?

(नीरज कुमार दुबे)

देखा जाये तो यदि इस समस्या का समाधान निकालने पर ध्यान नहीं दिया गया तो मुश्किलें खड़ी होना तय है। इस संबंध में विश्व इतिहास के कुछ उदाहरणों से सबक लिया जा सकता है। पहले तुर्की, मिस्र और सीरिया में ईसाई बहुसंख्यक थे।

तुर्की अशांत है, यमन अशांत है, कांगो अशांत है, ईरान अशांत है, इराक अशांत है, सूडान अशांत है, मिस्र अशांत है, सीरिया अशांत है, बांग्लादेश अशांत है, सोमालिया अशांत है, पाकिस्तान अशांत है, मालदीव अशांत है, नाइजीरिया अशांत है, तजाकिस्तान अशांत है, अफगानिस्तान अशांत है। देखा जाये तो दुनिया के अधिकतर इस्लामिक देश अशांत हैं। बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान तो कभी अखण्ड भारत का ही हिस्सा थे लेकिन इनकी दिक्कतें तभी शुरू हुईं जब यह इस्लामिक देश बने। जबकि हिंदू बहुल भारत में लोकतंत्र मजबूत और स्थिर रहा तथा देश के सेकुलर रहने से सभी धर्मों के लोग यहां पूरी आजादी के साथ अपने जीवन का निवर्हन करते हैं।

लेकिन भारत का साम्प्रदायिक सौहार्द्र उन अराजक तत्वों को भा नहीं रहा है जोकि 2047 तक हिंदुस्तान को इस्लामिक राष्ट्र में तब्दील करने का एजेंडा लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिये योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न इलाकों की डेमोग्राफी बदली जा रही है। रिपोर्टों के मुताबिक देश के 9 राज्यों, 200 जिलों और 1500 तहसीलों का जनसांख्यिकी अनुपात बिगाड़ा जा चुका है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने पिछले सप्ताह ही कहा था कि भारत में रोहिंग्या घुसपैठ काफी बढ़ गई है तथा जनसांख्यिकी में बदलाव आने का खतरा वास्तविक और गंभीर है। उन्होंने कहा था कि रोहिंग्या लगातार भारत-बांग्लादेश सीमा का इस्तेमाल करके भारत में आ रहे हैं और कई राज्य जनसांख्यिकीय बदलाव की समस्या का सामना कर रहे हैं।

देखा जाये तो यदि इस समस्या का समाधान निकालने पर ध्यान नहीं दिया गया तो मुश्किलें खड़ी होना तय है। इस संबंध में विश्व इतिहास के कुछ उदाहरणों से सबक लिया जा सकता है। पहले तुर्की, मिस्र और सीरिया में ईसाई बहुसंख्यक थे। लेकिन आज यह इस्लामिक राष्ट्र हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की अच्छी खासी आबादी थी जोकि अब न्यूनतम स्तर पर पहुँच गयी है। ईरान में 90त्र पारसी थे और उसका नाम पर्सिया था लेकिन आज वह इस्लामिक देश है और वहां कट्टरपंथी सोच वाली सरकार है। वैश्विक घटनाक्रमों पर नजर डालेंगे तो यह भी प्रतीत होगा कि कम कट्टरपंथियों वाले देश और ज्यादा कट्टरपंथियों वाले देश के हालात में क्या फर्क होता है।

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, इटली, नॉर्वे आदि में



कट्टरपंथियों की आबादी 2 प्रतिशत से भी कम है इसलिए वहां दंगे इत्यादि नहीं होते। डेनमार्क, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और थाईलैंड में कट्टरपंथियों की आबादी 5 प्रतिशत तक है इसलिए वहां आपको अक्सर छोटी-छोटी बातों पर धरना प्रदर्शन होने की खबरें मिलती होंगी। फ्रांस, फिलिपींस, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, नीदरलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो आदि में कट्टरपंथियों की आबादी 10 प्रतिशत तक है इसलिए वहां विशेष दर्जा और तमाम सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन होते हैं। गुयाना, भारत, इज़राइल, केन्या और रूस आदि में इनकी आबादी 10 से 20 प्रतिशत तक है तो विशेष धार्मिक कानून, विशेष स्कूल, विशेष तालीम और विशेष ड्रेस कोड लागू करने पर जोर दिया जाता है। कट्टरपंथियों की आबादी का प्रतिशत जिन देशों में 20 प्रतिशत से ज्यादा है वहां अपहरण, बलात्कार, सामूहिक धर्मांतरण, आगजनी, नरसंहार, गृहयुद्ध जैसी स्थितियों के चलते बड़ी संख्या में लोगों का पलायन भी होता है। ऐसे देशों में बोस्निया, लेबनान, अल्बानिया, मलेशिया, कतर, सूडान, बांग्लादेश, मिस्र, गाजा, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जॉर्डन, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, सीरिया, तजाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, सोमालिया और यमन आदि शामिल हैं।

अगर इन उदाहरणों से भी बात आपकी समझ में नहीं आई है तो कुछ और उदाहरणों को देखना चाहिए। जैसे कि दुर्योधन का ननिहाल गंधार अब अफगानिस्तान कहलाता है। भरत जी का ननिहाल कैकेय अब पाकिस्तान कहलाता है। ईस्ट बंगाल अब बांग्लादेश कहलाता है। वेस्ट पंजाब अब पाकिस्तान का हिस्सा है। आगे चल कर भारत को और कोई दिक्कत पेश नहीं आये इसलिए अभी से सख्त कदम उठाना जरूरी है। लेकिन सवाल उठता है कि हमारे सभी जनप्रतिनिधि कब देश की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देंगे। देखा जाये तो आज वास्तविक समस्या महंगाई या बेरोजगारी नहीं बल्कि जनसंख्या का बिगड़ता अनुपात है। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 9 राज्यों अर्थात 25त्र राज्यों की डेमोग्राफी बदल चुकी है। इसको थोड़ा और विस्तार से देखेंगे तो भारत के 200 ज़िलों अर्थात 25त्र जिलों की डेमोग्राफी बदल चुकी है। इसको और थोड़ा विस्तार से देखेंगे तो पाएंगे कि भारत की 1500 तहसीलों अर्थात 25त्र तहसीलों की डेमोग्राफी बदल चुकी है। यही नहीं, सीमाई इलाकों की 300 तहसीलों अर्थात 100त्र तहसीलों की डेमोग्राफी बदल चुकी है। साथ ही देश में ऐसा कोई जिला नहीं बचा है जहां घुसपैठ, धर्मांतरण और जनसंख्या विस्फोट नहीं हो रहा है।

बहरहाल, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में बताया है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना सदमे में हैं। देखा जाये तो सदमा होना स्वाभाविक भी है क्योंकि अचानक से उन्हें सत्ता और देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। भारत में कभी ऐसी स्थिति नहीं आये इसके लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना अनिवार्य है। साथ ही घुसपैठ और धर्मांतरण पर पूर्ण नियंत्रण लगाना होगा और यह काम वोट बैंक की राजनीति से प्रभावित हुए बिना करना होगा। हमारे देश में सभी राजनेता संविधान की दुहाई देते हैं लेकिन भारत में संविधान का राज सदैव कायम रहे इसके लिए अभी से सतर्क होने और देश में कानूनों को कड़ा करने की जरूरत है।

## वर्ग पहेली 5455

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | |
| 6 | | | 7 | | | 8 | 9 |
| | 10 | | | | 11 | | |
| 12 | | | 13 | 14 | | | |
| | | 15 | | 16 | | 17 | |
| 18 | 19 | | 20 | | 21 | | 2 |
| 23 | | | 24 | | | | |
| | 25 | | | | 26 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 22 सितंबर 1971 को इस भौतिक विज्ञानी और रसायन शास्त्री का निधन हुआ था (7)
6. हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला जंगली बैल (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार (2)
8. आफत, भूत-प्रेम बाधा (2)
10. जूते बनाने का एक उपकरण जिसे चर्मकार इस्तेमाल करते है (2)
11. यह देश सन् 1935 तक फारस देश के नाम से जाना जाता था (3)
12. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
13. बांस की चटाई को यह कहते है (3)
16. गहन चिंतन करने या अध्ययन करने का भाव (3)
18. ध्वनि को सुरक्षित रखने का यंत्र रिकॉर्ड (4)
21. डोलना, छिलना, विचलित होना (3)
23. न्यायाधीश (2)
24. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
25. जलाशय,सरोवर (3)
26. महाराष्ट्र की गोदावरी नदी के तट पर बसा एक शहर जिसके समीप पंचवटी वन स्थित है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ नाम), मोहकारिणी शक्ति (2)
2. वचन, प्रतिज्ञा (4)
3. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
4. प्रशंसक, पंखा, अंधभक्त (2)
5. वामहस्ती, बायें हाथ से काम करने वाला व्यक्ति (3)
9. भर्त्सना, धिक्कार, लताड़ (3)
11. एक पौराणिक भक्त राजा का नाम जिसने श्रीकृष्ण की बात मान अपना शरीर आरे से चिरवाया था (4)
14. प्रेमकर्ता, आनंदप्रद (5)
15. 1975 की सुपर-डुपर हिट फिल्म जिसके निर्देशक रमेश सिप्पी थे (2)
17. बहुमुल्य रत्न, एक संख्या सूचक अंग (2)
19. अपनापन, निजस्व (3)
20. बुरा, हीन, बिगड़ा हुआ (3)
22. नाम धारण करने वाला, नाम वाला (3)

### वर्ग पहेली 5454 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | | कृ | ष्ण | कां | त |
| ज | ल | ज | | पा | | जी | ना |
| | र | फ | बु | क | | हा | |
| सा | | | डा | | | उ | स |
| ग | | अ | पे | क्षा | | स | म |
| र | | मा | स्ट | र | | | झ |
| मा | न | व | | क | दा | | दा |
| था | | स्था | म | | ग | ज | र |

# आरक्षण का मुद्दा बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार को ले डूबा

(दीपक कुमार त्यागी)

भयावह कोविड़काल में अपनी अर्थव्यवस्था का दुनिया में लोहा मनवाने वाला बांग्लादेश छात्रों के हिसंक आंदोलन में जल रहा है। अब देश व दुनिया के विशेषज्ञ यह आंकलन करने में लगे हुए हैं कि आखिरकार की बांग्लादेश में यह स्थिति कैसे हो गयी।

बांग्लादेश निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले परिवारों के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी मिलने वाले 30 फीसदी आरक्षण को हटाने की मांग को लेकर के देश के छात्र लंबे समय से सड़कों पर उतर करके हिंसक आंदोलन करके जान गंवा रहे थे। लेकिन बांग्लादेश की सरकार ने छात्रों की भावनाओं को अनदेखा करते हुए आरक्षण के इस बेहद ज्वलंत बन चुके मुद्दे को कभी हाइकोर्ट व कभी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की आड़ में अटकाए व भटकाएं रखा हुआ था। जिसके चलते ही 5 अगस्त 2024 की दोपहर को आरक्षण का यह मुद्दा शेख हसीना की सरकार को आखिरकार ले ही डूबा। छात्रों के आरक्षण विरोध की जबरदस्त आग के चलते अब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया है, छात्रों ने संसद, पीएम हाउस आदि तक पर भी अपना कब्जा कर लिया है, गुस्से की आग में झुलस रहे छात्रों ने बांग्लादेश के संस्थापक मुजीबुर्रहमान की मूर्ति तक को भी नहीं बख्शा है। हालांकि बांग्लादेश देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 5 अगस्त की दोपहर को ही अपने पद से इस्तीफा देकर के बंग्लादेश को सुरक्षित रूप से छोड़ दिया है। जबरदस्त हिंसा की आग में झुलसते बांग्लादेश की राजधानी ढाका से पीएम शेख हसीना फिलहाल सुरक्षित भारत के दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बने हिंडन एयरबेस पहुंच गयी हैं। वहीं बांग्लादेश के सेनाध्यक्ष ने हिंसा रोकने के लिए पुलिस को हटाकर के देश को पूरी तरह से सेना के हवाले कर दिया है और उन्होंने छात्रों को उनकी मांग मानने का आश्वासन देते हुए देश में जल्द ही अंतरिम सरकार का गठन करने की घोषणा की है।

भयावह कोविड़काल में अपनी अर्थव्यवस्था का दुनिया में लोहा मनवाने वाला बांग्लादेश छात्रों के हिसंक आंदोलन में जल रहा है। अब देश व दुनिया के विशेषज्ञ यह आंकलन करने में लगे हुए हैं कि आखिरकार की बांग्लादेश में यह स्थिति कैसे हो गयी। हालांकि आज की परिस्थिति में विचारणीय तथ्य यह है कि बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध की आग में झुलसते हुए यह आलम कैसे हो गया कि वहां पर हिंसा में सैंकड़ों छात्र व आम लोगों असमय काल का ग्रास अचानक से ही बन गये। लेकिन अब तख्तापलट के बाद भी हिंसा आज भी अनवरत रूप से जारी है, दंगा-फसाद में देश के आम लोगों की मौत होना अब भी जारी है, पूरे देश में अस्थिरता का माहौल होने के चलते जान-माल की भारी क्षति होना निरंतर जारी है, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे देश को सेना के हवाले कर दिया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपके लिए कार्यक्षेत्र में कुछ ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जिसमें आपको लाभ होगा। इससे व्यथित होकर साथियों का मूड खराब हो सकता है, क्योंकि आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है।

**वृषभ**

आज करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपका दिन सम्?मान के साथ बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक आपको शुभ समाचार भी मिलेगा। सेहत के प्रति सावधान रहने की सलाह है, वरना मौसमी बीमारिया आपको घेर सकती हैं। शाम के समय किसी मेहमान के आने से हर्ष होगा।

**मिथुन**

आज दिन शुभ है। उच्चाधिकारियों की कृपा से आपको प्रमोशन और वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम में परिवार के लोगों के साथ आप सुखी और खुशहाल रहेंगे। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।

**कर्क**

आज लाभ होगा और आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके मन में काफी संतोष रहेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**सिंह**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के करियर से जुड़े मामलों में पर ध्?यान देंगे और कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। आप प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके कई रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**कन्या**

आज लाभ होगा और आपका दिन सम्?मान के साथ बीतेगा। पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा और कोई विपरीत परिस्थिति देखकर खुद पर नियंत्रण रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी।

**तुला**

आज लाभ के योग हैं और आपको शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्?त होने के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपके बोलने के तरीके से आपको सम्?मान प्राप्?त होगा। भागदौड़ अधिक रहने की वजह से मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

आज आर्थिक मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपको धन, सम्मान की प्राप्ति होगी और आपके यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी।

**धनु**

आज धन लाभ का दिन है। साथ ही गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको अपने जूनियर्स से हर प्रकार का सहयोग प्राप्?त होगा। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, वरना आपका पैसा फंस सकता है।

**मकर**

आज दिन भाग्?यशाली है और आज आपको कारोबार में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्?त होगी और आपके उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

**कुंभ**


आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। वरना आपके साथ कोई धोखा हो सकता है।

**मीन**

आज लाभ होगा और आपका पूरा दिन आनंद में बीतेगा। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों का बोझ कुछ कम होगा और आपका मन पढ़ाई में लगेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री कृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह मामले में मुस्लिम नेता ने की समझौते की पेशकश, भाईचारे का पत्र दिया



**मथुरा, एजेंसी।** यूपी में मथुरा के श्री कृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह मामले में श्री कृष्ण जन्मस्थान संघर्ष मुक्ति न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने एक बयान में कहा है कि मुस्लिम समाज की महिला नेता ने इस मसले पर समझौते की पेशकश की है। दिनेश शर्मा ने कहा है कि रूबी खान ने उनको भाईचारे का एक पत्र श्रीकृष्ण जन्म स्थान के गेट नंबर-1 पर देते हुए कहा कि इस मामले में कोर्ट के बाहर समझौता हो और मुस्लिम समाज भगवान श्रीकृष्ण की मंदिर की जमीन खाली कर दे। अपने को मुस्लिम समाज की राष्ट्रीय नेता कहने वाली रूबी खान जन्मभूमि के गेट नंबर 1 पर आसिफ खान, एवं मुस्लिम समाज के अन्य कुछ लोगों के साथ पहुंचीं और हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा से मुलाकात कर उनको एक पत्र सौंपा। दिनेश शर्मा श्री कृष्ण जन्म स्थान ईदगाह मामले के एक पक्षकार भी हैं, उन्होंने कहा कि रूबी खान ने उन्हें भाईचारे का पत्र सौंपते हुए कहा कि देश में एकता कायम रहे। इसके लिए भगवान श्रीकृष्ण अपने मूल गर्भ गृह में विराजमान होने चाहिए। मंदिर तोड़कर जो मस्जिद बनाई गई वह एकता एवं अखंडता में अभिशाप है। इसकी जगह मुस्लिम बहुल क्षेत्र में ईदगाह का निर्माण हो। मुस्लिम नेता रूबी खान ने कहा कि सभी मुकदमे न्यायालय ने स्वीकार कर लिए हैं अब मुस्लिम पक्ष टाल नहीं सकता। अयोध्या की तरह फैसला आने पर मुस्लिम समाज की इज्जत पर बट्टा लगेगा, इसलिए न्यायालय से बाहर फैसला होना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश शर्मा ने कहा कि हमने पहले ही मुस्लिम समाज से कहा था यदि आप कोई समझौता करते हैं तो 10 एकड़ भूमि एवं 10 करोड़ रुपए प्रदान करेंगे। मुस्लिम समाज के नेताओं की इस पहल का स्वागत करते हैं।

### बिगड़ते हालात के बीच बांग्लादेश में भारतीयों को बाहर निकालने के लिए प्लैन तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में बिगड़ते हालात के बीच भारत अपने राजनयिकों के साथ-साथ वहां फंसे भारतीयों को निकालने के लिए योजना तैयार कर रहा है। ढाका के राजनयिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब बांग्लादेश की सेना ने संभाल ली है। इससे पहले यह जिम्मा पुलिस संभालती थी। पुलिस को आमतौर पर गुलशन और बारीधारा क्षेत्रों में राजदूतों और विदेशी मिशनों के आवासों की सुरक्षा का काम सौंपा जाता था। हालांकि सोमवार को कट्टरपंथियों के उपद्रव के बाद पुलिस यहां से हट गई। इससे पहले राजनयिकों ने विदेश मंत्रालय के सामने अपनी सुरक्षा के लिए चिंता जताई थी। इसके बाद सेना को तैनात करने का फैसला लिया गया। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत बांग्लादेश की सेना के संपर्क में है ताकि जरूरत पड़ने पर अपने राजनयिकों और नागरिकों को निकाला जा सके। वहीं बांग्लादेश में फंसे भारतीय पश्चिम बंगाल में पेट्रापोल, कूच बिहार, मालदा, दक्षिण दिनाजपुर की सीमाओं के जरिए वापस भारत लौट रहे हैं। सोमवार रात भारत और बांग्लादेश के बीच उड़ान सेवाएं भी फिर से शुरू कर दी गई। बांग्लादेश में काम करने वाले कई भारतीय मंगलवार सुबह वतन वापस लौट आए। लौट रहे एक भारतीय नागरिक ने बताया कि उड़ान रद्द होने की वजह से कई यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए थे। उन्होंने बताया, हम बांग्लादेश में काम करते हैं। कल हमारी उड़ान रद्द कर दी गई थी। रविवार को हमने भारत लौटने का फैसला किया था लेकिन उड़ान भरने के तुरंत पहले इसे रद्द कर दिया गया। हम बिना खाना और पानी के एयरपोर्ट पर इंतजार करते रहे। रात करीब 9.30 बजे हमें पता चला कि हमारी फ्लाइट रद्द हो गई है। उन्होंने बताया कि बाहर की स्थिति ठीक नहीं थी इसीलिए लोग हवाई अड्डे पर ही इंतजार कर रहे थे।

### झुंझुनूं में ऑनर किलिंग, बहनोई की गोली मारकर हत्या, बहन ने की थी लव मैरिज

**झुंझुनूं, एजेंसी।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले में बहन की लव मैरिज से नाराज भाई ने बहनोई की गोली मारकर हत्या कर दी। तलवार से उसका हाथ काट डाला। अपने दोस्तों के साथ मिलकर भाई ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामला झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ इलाके का है।यह घटना मंगलवार रात की है, जब मोनिका के भाई रिंकू राजपूत ने अपने 6-7 साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।उल्लेखनीय है कि झुंझुनूं जिले के जाखोद कुशलपुरा निवासी मोनिका (21) करीब सात महीने पहले अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ घर से भाग गई थी और 15 जनवरी 2024 को महपालवास निवासी अंकित जाट (25) के साथ गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में शादी की थी। इस शादी से मोनिका का भाई रिंकू राजपूत नाराज चल रहा था। मोनिका के मुताबिक उसका भाई रिंकू राजपूत आपराधिक प्रवृत्ति का है।शादी के बाद से ही वह अंकित और मोनिका को लगातार धमकियां दे रहा था। दो बार पहले भी घर पर आकर धमकी दे चुका था। पुलिस ने मोनिका के बयान के आधार पर संदिग्ध आरोपियों की तलाश में टीमें लगा दी हैं।मंगलवार की रात करीब 9 बजे रिंकू राजपूत अपने 6-7 साथियों के साथ बोलेरो में सवार होकर आया और अंकित का मर्डर कर दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर मोनिका घर से बाहर आई तो अंकित लहूलुहान पड़ा था। उसे गोली लगी हुई थी और सांसें चल रही थीं।

# राहुल, अखिलेश, शिवराज के गढ़ किसके साथ, 50 सीटों पर उपचुनाव में होगा फैसला, हलचल तेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव खत्म हुए अभी कुछ महीने ही बीते हैं कि अब उपचुनाव का दौर शुरू होने वाला है। इस साल के अंत तक देश की 50 सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इनमें कई सीटें लोकसभा की हैं तो ज्यादातर विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। ये सीटें उन विधायकों के इस्तीफे से खाली हुई हैं, जो अब सांसद बन चुके हैं या फिर दो जगहों से लड़ने के चलते एक लोकसभा सीट खाली की है। माना जा रहा है कि इन सीटों पर हरियाणा, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और झारखंड जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव के साथ ही वोटिंग कराई जा सकती है। उत्तर प्रदेश में ही 10 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होनी है, जिनमें से एक सीट अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली मैनपुरी की करहल है। इसके अलावा अयोध्या के सांसद बने अवधेश प्रसाद की सीट मिल्कीपुर भी है। वह अब तक यहीं से विधायक थे। गाजियाबाद, कुंदरकी जैसी सीटों पर भी चुनाव होना है। वहीं मध्य प्रदेश में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की विधानसभा सीट बुधनी में भी चुनाव होगा। अब वह विदिशा सीट से सांसद बन चुके हैं। वहीं कर्नाटक में बसवराज बोम्मई, एचडी कुमार स्वामी, बिहार में जीतन राम मांझी और सिक्किम में सीएम प्रेम सिंह तमांग की छोड़ी हुई सीटों पर भी मतदान होगा। बंगाल की भी 6 सीटों पर उपचुनाव, बिहार और पंजाब में 4-4 उपचुनाव में सबसे ज्यादा यूपी की सीटें हैं तो दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल है। यहां 6 सीटों पर उपचुनाव होगा। इसेक अलावा



असम और राजस्थान में 5-5 सीटों पर वोटिंग होगी। बिहार और पंजाब में 4-4 सीटों पर उपचुनाव होना है। बता दें कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी रायबरेली और वायनाड सीट से लड़े थे। उन्होंने चुनाव के बाद रायबरेली से सांसद बने रहने का फैसला लिया और वायनाड से इस्तीफा दे दिया। अब वायनाड से उनकी बहन प्रियंका गांधी चुनाव लड़ रही हैं।

नियम के अनुसार किसी भी सीट को 6 महीने से ज्यादा खाली नहीं रखा जा सकता। ऐसे में ज्यादातर सीटों पर नवंबर तक मतदान करा लिया जाएगा। इसी साल महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में असेंबली इलेक्शन का प्लान है। संभावना है कि अलग-अलग समय पर राज्यों के साथ ही विधानसभा और लोकसभा के उपचुनाव भी करा लिए जाएं। कई राज्यों में तो उपचुनाव को भी सरकार के लिए जनादेश के तौर पर माना जा रहा है। यूपी में भाजपा को लोकसभा चुनाव में झटका लगा था।

## कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के बयान पर विवाद, कहा- सब सही दिख रहा पर है नहीं, बांग्लादेश जैसा हाल भारत में भी हो सकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के इस बयान पर विवाद हो सकता है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, वैसा भारत में भी हो सकता है। खुर्शीद ने कहा कि भले ही ऊपर से सब कुछ ठीक लग रहा हो, लेकिन बांग्लादेश जैसे हालात यहां भी बन सकते हैं। उन्होंने अकादमिक जगत के विद्वान मुजीबुर रहमान की पुस्तक शिकवा-ए-हिंद: भारतीय मुस्लिमों का राजनीतिक भविष्य की लॉन्चिंग के मौके पर ये बातें कहीं। सलमान खुर्शीद ने दिल्ली में हुए आयोजन में कहा, कश्मीर में सब सामान्य दिख रहा है। यहां भी सब सामान्य है। हम जीत का जश्न मना सकते हैं, लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि यह जीत बहुत मामूली है। बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जमीन पर सब सही दिखता है, लेकिन कई बार उसके नीचे कुछ चीजें होती हैं। सलमान खुर्शीद ने कहा, बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह यहां भी हो सकता है। बांग्लादेश में जुलाई के मध्य से ही आंदोलन तेज थे और महज 20 दिनों के अंदर ही शेख हसीना की सरकार बेदखल हो गई। उन्हें देश छोड़कर निकलना पड़ा है और फिलहाल वह भारत में हैं। यही नहीं पूरे बांग्लादेश में उपद्रवियों का आतंक चल रहा है। कई जगहों पर अवामी लीग नेताओं को मार डाला गया। अब तक 29 नेता मारे गए हैं, जबकि अवामी लीग के एक नेता को होटल को फूंक दिया गया। उस होटल में 24 लोग जिंदा जल गए। इस कार्यक्रम में आरजेडी के सांसद मनोझ झा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सीएए और एनआरसी के खिलाफ शाहीन बाग में हुए आंदोलन को उसका सही क्रेडिट नहीं मिल पाया। झा ने कहा कि शाहीन बाग के आंदोलन को इस बात से नहीं आंका जाना चाहिए कि उससे क्या हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि जब संसद बहरी हो जाती है तो गलियों में आवाज उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि शाहीन बाग में जो आंदोलन हुआ, वह महिलाओं के नेतृत्व में था और करीब 100 दिनों तक चलता रहा। हालांकि इस मामले में खुर्शीद की राय मनोज झा से अलग दिखी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन फेल था क्योंकि आज भी कई लोग उस मामले में जेल में बंद हैं। सलमान खुर्शीद ने कहा कि शाहीन बाग जैसा आंदोलन अब देश में नहीं हो पाएगा। खुर्शीद ने कहा, मैं कहूंगा कि शाहीन बाग आंदोलन फेल रहा तो आप सोचेंगे ऐसा क्यों कहा? हम में से ज्यादातर लोग मानते हैं कि आंदोलन सफल रहा। लेकिन मैं जानता हूं कि उससे जुड़े ज्यादातर लोग आज किस हाल में हैं। उनमें से कई लोग तो अब भी जेल में बंद हैं। इनमें से कितने लोगों को बेल मिल सकी है? इनमें से कितने लोगों को इस देश का दुश्मन बताया जा रहा है।

## ध्रुव राठी को कोर्ट से मिली मोहलत, भाजपा नेता द्वारा दायर मानहानि केस में जवाब देने के लिए मिला समय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी को भाजपा नेता सुरेश करमशी नखुआ द्वारा



दायर मानहानि मामले में फिलहाल मोहलत दी है। कोर्ट ने याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए उन्हें समय दिया है। राठी के वकील ने अदालत से अतिरिक्त समय मांगा और कहा कि उनके मुवक्किल भारत में नहीं रहते हैं, इसलिए उन्हें उनसे निर्देश लेने होंगे। बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नखुआ की ओर से पेश हुए वकील राघव अवस्थी ने कहा, यह ईमेल का युग है। अदालत ने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और इस मामले पर अगली सुनवाई की तारीख 16 अगस्त को मुकर्रर की है। राठी के खिलाफ अपने मानहानि मामले में नखुआ ने अस्थायी निषेधाज्ञा की मांग करते हुए कहा कि प्रतिवादी के ट्वीट से उनकी प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुंचा है। सुनवाई के दौरान राठी के वकील ने बताया कि नखुआ द्वारा दायर की गई कोर्ट फीस अपर्याप्त है और जब तक उचित कोर्ट फीस दाखिल नहीं की जाती तब तक मामले को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। इसके अलावा यह भी कहा गया कि उचित कोर्ट फीस दाखिल न करने के लिए कुछ उचित आधार दिए जाने चाहिए, जो वादी के आवेदन में नहीं हैं। इसके बाद कोर्ट ने नखुआ के वकील को एक सप्ताह के भीतर कोर्ट फीस दाखिल करने का निर्देश दिया है। राठी के वकील ने कोर्ट से यह भी कहा कि वह नखुआ के ट्वीट को रिकॉर्ड में रखना चाहेंगे, जिसमें दावा किया गया है कि वे अपमानजनक थे। उन्होंने कहा, मैं उनका ट्वीट दिखाना चाहता था। उन्होंने महिलाओं को गाली दी है, उन्होंने सभी को गाली दी है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अवस्थी ने यह भी दावा किया कि उनके मुवक्किल को नए अपमानजनक संदेश मिले हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे पहले का मामला मानहानि का मामला था, जिसमें वादी द्वारा दायर आवेदन में कानून का एक सवाल शामिल है, जिस पर कोर्ट को फैसला करना है। आपको बता दें कि पिछली बार दिल्ली की साकेत कोर्ट ने नखुआ द्वारा दायर 20 लाख रुपये के मानहानि के मुकदमे में राठी को समन जारी किया था।

## नोएडा की सोसाइटी में 24वीं मंजिल से कूद गया शख्स, पत्नी से हुई थी बहस

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में सेक्टर-79 के गौर स्पाट वुड सोसाइटी में 24वीं मंजिल पर बने फ्लैट से गिरकर मंगलवार शाम को 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जिस समय घटना हुई फ्लैट का मालिक बाहर था। युवक और उसकी पत्नी फ्लैट में ही रहते थे और बतौर घरेलू सहायक और सहायिका अपनी सेवाएं दे रहे थे। युवक की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि मंगलवार शाम को साढ़े छह बजे के करीब सेक्टर-113 थाने की पुलिस को सूचना मिली कि गौर सोसाइटी के 24वीं मंजिल स्थित फ्लैट से कूदकर एक व्यक्ति ने जान दे दी है। मृतक की पहचान उड़ीसा निवासी अजय उर्फ भारत रत्न के रूप में हुई। जिस समय युवक ने छलांग लगाई फ्लैट पर उसकी पत्नी भी मौजूद थी। सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि अचानक से जमीन पर किसी के गिरने की आवाज आई। गार्ड भागकर जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति जमीन पर खून से सना हुआ पड़ा है और उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक जिस समय घटना हुई फ्लैट का मालिक अंदर मौजूद नहीं था। पुलिस ने फ्लैट मालिक से संपर्क किया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि किसी बात को लेकर अजय और उसकी पत्नी की अक्सर लड़ाई होती थी।

मंगलवार को भी दोनों में कहासुनी हुई थी। आशंका जताई जा रही है घरेलू कलह से चलते युवक ने ऊंचाई से कूदकर खुदकुशी कर ली।

# भाजपा को पूर्व सांसद ने दे दिया अल्टीमेटम -15 दिनों में राज्यपाल बनाओ...

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से कुछ महीनों पहले ही शिवसेना के पूर्व सांसद ने भारतीय जनता पार्टी को अल्टीमेटम दे दिया है। खबरें हैं कि आनंदराव अडसुल ने साफ कर दिया है कि अगर उन्हें राज्यपाल नहीं बनाया गया, तो वह पूर्व सांसद नवनीत राणा के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। अडसुल ने पहले भी दावा किया था कि उन्हें राज्यपाल बनाने का ऑफर दिया गया था।

एक अखबार के अनुसार, अडसुल ने मंगलवार को भाजपा को चेतावनी दी है कि अगर 15 दिनों में राज्यपाल नहीं बनाया गया, तो वह राणा के जाति प्रमाण पत्र मामले में सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल करेंगे। खास बात है कि अप्रैल में ही शीर्ष न्यायालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें उनके अनुसूचित जाति यानी एससी सर्टिफिकेट को रद्द करने की बात कही गई थी।

रिपोर्ट के अनुसार, अडसुल ने कहा, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुझे भरोसा दिया था कि राज्यपाल के तौर पर मेरी नियुक्ति होगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी मुझे आश्वासन दिया था, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं हुआ। मैं हमेशा इंतजार नहीं कर सकता। मैं अगले 15 दिन और इंतजार करूंगा, लेकिन इसके बाद सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा और नवनीत राणा के जाति प्रमाण पत्र के खिलाफ क्यूरेटिव पिटीशान दाखिल करूंगा।

अखबार के मुताबिक, अडसुल ने मई में दावा किया था कि अमरावती सीट पर दावा छोड़ने के लिए उन्हें अमित शाह ने राज्यपाल पद का वादा किया है। खास बात है कि अडसुल दो बार अमरावती सीट से जीत चुके हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राणा को इस सीट से मैदान में उतारा था। सीट पर



दावा छोड़ने वाले अडसुल का कहना था कि भाजपा ने शिवसेना से दो केंद्रीय मंत्री पद और दो राज्यपाल का वादा किया था, लेकिन कोई पूरा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाए थे कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम फडणवीस ने पत्र भी लिखा था, जिसमें राज्यपाल के तौर पर उनकी नियुक्ति की सिफारिश की गई थी। उनका दावा था कि पत्र को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के पास भेजा गया था, लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया। इस बार उन्होंने कहा, फडणवीस के वादे को 25 महीने बीत गए हैं और अमित शाह के वादे को ढाई महीनों से ज्यादा का समय हो चुका है...। अब मैं और ज्यादा इंतजार नहीं करूंगा।

**छत्तीसगढ़ भाजपा ने अपने रसूखदार नेता को दिखाया बाहर का रास्ता : रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बीजापुर के बीजेपी नेता अजय सिंह को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उन पर एक आदिवासी युवक से मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगा है। बीजेपी संगठन ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए पार्टी की छवि धूमिल करने का प्रयास बताया है। वहीं कुछ दिनों पहले अजय सिंह और बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडेय के बीच टेंडर को लेकर विवाद का ऑडियो भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था। आदिवासी समाज के लोगों ने अजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया था। रविवार को भैरमगढ़ के भाजपा नेता अजय सिंह को बीजापुर पुलिस ने हिरासत में भी लिया था। भाजपा नेता पर कुछ दिनों पहले आदिवासी समाज के लोगों ने एक आदिवासी युवक के साथ जातिगत गालीगलौज करने का आरोप लगाया था। आदिवासी समाज के लोगों ने अजय सिंह के खिलाफ थाने में स्प्लूक्र भी दर्ज करवाई थी। आदिवासी लोगों ने रैली निकालकर बीजापुर में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद भाजपा की बीजापुर जिला इकाई ने प्रदेश संगठन से अजय सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की थी। कुछ दिन पहले ही बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडेय और अजय सिंह के बीच मोबाइल पर काफी तीखी बहस हुई थी। इसकी एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। भाजपा नेता ने कलेक्टर पांडेय को चार दिनों में कलेक्टरी से हटाने की चुनौती दी थी। इस ऑडियो को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने फेसबुक पर पोस्ट भी किया था। भाजपा नेता ने 4 दिनों की चुनौती दी थी और सात दिन बाद बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडेय का तबादला कर मंत्रालय में अटैच किया गया था।

## भारत को महा-भारत बनना होगा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार से दुखी सद्गुरु जग्गी वासुदेव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश में उपद्रवियों के द्वारा दर्जनों मंदिरों को जला दिया गया है। कई हिंदुओं की निर्मम हत्या कर दी गई है। अवामी लीग के 20 से अधिक नेताओं को जिंदा जला दिया गया। पड़ोसी देश में जारी दंगों के बीच भारत में धार्मिक नेताओं के बयान सामने आए हैं। सद्गुरु के नाम से प्रसिद्ध जग्गी वासुदेव ने भारत को वहां हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार की चिंता करने की सलाह दी है। उन्होंने मंदिरों पर हुए हमले से जुड़ी एक खबर पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा, हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार सिर्फ बांग्लादेश का आंतरिक मामला नहीं है। अगर हम अपने पड़ोस में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द खड़े होकर कार्रवाई नहीं करते हैं तो भारत कभी भी महा-भारत नहीं बन सकता है। विभाजन का जिक्र करते हुए उन्होंने आगे लिखा, जो इस राष्ट्र का हिस्सा था दुर्भाग्य से वह पड़ोसी बन गया। लेकिन हमारी सभ्यता से जुड़े लोगों को इन भयावह अत्याचारों से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने मंगलवार को



कहा कि आरएसएस सरकार से अनुरोध करता है कि वह पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे, जहां राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य और इसके पूर्व महासचिव जोशी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने की खबरें आई हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर जोशी ने कहा, ''बांग्लादेश एक अलग राष्ट्र है। यहां से स्वैच्छिक संगठन क्या कर सकते हैं, इसकी अपनी सीमाएं हैं। लेकिन हम (भारत) सरकार से वहां हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि सरकार इस दिशा में कदम उठाएगी।'' आपको बता दें कि बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई, महिलाओं पर हमला किया गया तथा अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। समुदाय के नेताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद नेता काजोल देबनाथ ने यहां समूह की एक बैठक से इतर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने देश के विभिन्न हिस्सों में हुई बर्बरता की कुछ घटनाओं को संकलित किया है, जिससे हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय चिंतित हैं।'' देबनाथ ने बताया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दो हिंदू नेताओं की उत्तर-पश्चिमी सिराजगंज और रंगपुर में हत्या कर दी गई, जो हसीना की अवामी लीग पार्टी के नेता थे। उन्होंने कहा कि परिषद अभी और जानकारी एकत्र कर रही है। देबनाथ ने कहा कि हमलावरों ने ''दुकानों, मंदिरों और घरों में लूटपाट की और हिंदू महिलाओं पर हमला किया।

## हिमाचल के मंडी जिले में फैल रही यह घातक बीमारी, 200 से ज्यादा मामले

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के पधर, जोगिंद्रनगर और लड़भड़ोल में पीलिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। यह बीमारी जुलाई महीने के अंत से फैल रही है। सिविल हॉस्पिटल जोगिंद्रनगर में इन क्षेत्रों से अभी तक पीलिया के 227 मामले सामने आ चुके हैं। इलाज के बाद कुल 171 मरीजों को घर भेज दिया गया है। वहीं 17 लोग ऐसे हैं जिन्हें उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज या अन्य बड़े स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया है।

सिविल हॉस्पिटल जोगिंद्रनगर में अभी भी 37 पीलिया ग्रसित लोग उपचाराधीन हैं। अभी तक पीलिया से चार लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन प्रशासन केवल 2 मौतों को ही काउंट कर रहा है। इनमें दो लोग ऐसे थे जिन्हें पूर्ण रूप से पीलिया ही था। उनकी पीलिया के कारण ही मौत हुई है जबकि बाकी दो लोगों में अन्य बीमारियों के लक्षण भी थे जिससे यह तय नहीं किया जा सकता कि उनकी केवल पीलिया से ही मौत हुई है।

एडीसी मंडी रोहित राठौर ने बताया कि जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में सभी पेयजल स्रोतों की जांच करवाने के साथ ही टैंकों की साफ-सफाई भी करा दी है। पीलिया ग्रसित लोगों की पहचान के लिए टीमों को घर-घर भेजा जा रहा है। इन्होंने लोगों से पीलिया के शुरुआती लक्षण दिखने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान जाकर जांच कराने की अपील की है। साथ ही अपील की है कि बीमार लोग झाड़-फूंक न कराएं। लोगों को बीमार होने पर तुरंत अस्पताल जाने की सलाह दी गई है।

मंडी जिला प्रशासन ने लोगों से बरसात के इस मौसम में अपने स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन, साफ-सुथरे और ताजे खान-पान की सलाह दी है। रोहित राठौर ने कहा कि लोग पीने के लिए उबले हुए पानी का ही इस्तेमाल करें और जितना संभव हो सके बाहर के खाने से परहेज करें। यदि कहीं पर भी किसी जल स्रोत में गड़बड़ी नजर आती है तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित विभाग या प्रशासन को दें।

प्रशासन द्वारा पीलिया की रोकथाम के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इन दिनों सिविल हॉस्पिटल जोगिंद्रनगर में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंडी से विशेषज्ञ भी जोगिंद्रनगर भेजे जा रहे हैं। कम लक्षण वाले मरीजों को दवाइयां और एहतिआतन सुझाव देकर घर भेज दिया जा रहा है जबकि गंभीर लक्षण वालों को एडमिट करके उपचार दिया जा रहा है।

# अब अंबेडकर के पोते से उलझ गई उद्धव सेना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने वंचित बहुजन अघाड़ी प्रमुख और संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के पोते प्रकाश अंबेडकर को कानून का बारीकी से अध्ययन करने की सलाह दी है। राउत की यह टिप्पणी तब आई है, जब एक दिन पहले ही प्रकाश अंबेडकर ने आरक्षण बचाओ यात्रा के दौरान कहा था कि एकनाथ शिंदे की सेना ही असली शिवसेना है। संजय राउत ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए मंगलवार को कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के उत्तराधिकारी के रूप में प्रकाश अंबेडकर को उनकी विरासत का सम्मान करना चाहिए। राउत ने कहा कि अगर प्रकाश अंबेडकर को लगता है कि शिवसेना शिंदे की पार्टी है तो उन्हें कानूनों का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अंबेडकर की पार्टी से ही रामदास अठावले की पार्टी जैसी अन्य पार्टी भी निकली है। ऐसे में अगर रामदास अठावले की पार्टी आरपीआई को ही असली पार्टी कहा जाए तो प्रकाश अंबेडकर को कितनी वेदना होगी? दरअसल, प्रकाश अंबेडकर ने आरक्षण बचाओ यात्रा के दौरान सोमवार को अमरावती में पत्रकारों से कहा था कि शिंदे सेना ही असली शिवसेना है क्योंकि उसका स्ट्राइक रेट उद्धव ठाकरे



की शिवसेना से अच्छा है। अंबेडकर ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो एकनाथ शिंदे की शिवसेना का स्ट्राइक रेट उद्धव की शिवसेना से अच्छा है। उन्होंने यह भी दावा किया कहा कि पदाधिकारी भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले संगठन को असली शिवसेना मानते हैं। बता दें कि हालिया लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र की कुल 48 में से 21 सीटों पर चुनाव लड़ा और 9 सीटें जीतीं थीं, जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 15 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 7 सीटें जीती थीं। इस तरह स्ट्राइक रेट शिंदे सेना का अच्छा रहा है। प्रकाश अंबेडकर ने यह भी दावा किया कि उद्धव ठाकरे की पार्टी को आरक्षणवादियों और मुस्लिमों के वोट मिले हैं। बता दें कि चार महीने पहले तक प्रकाश अंबेडकर और संजय राउत की पार्टी लोकसभा चुनावों में गठबंधन बनाने के लिए दोस्ती और दोस्ताना के राग गा रहे थे लेकिन अब विधानसभा चुनावों की सुगबुगाहट से पहले दोनों एक-दूसरे की पोल खोलने और कमतर साबित करने में जुट गए हैं। इस बीच शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे मंगलवार से तीन दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचें हैं।

पेरिस ओलंपिक


## पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक के रूप में नामित होना गर्व की बात : मनु भाकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में वैश्विक मंच पर भारत का मान बढ़ाने वाली मनु भाकर ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपना हर्ष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर होगा और मैं इसे हमेशा संजोकर रखूंगी। मुझे उम्मीद है कि मेरे खेल करियर में कई साल होंगे, लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे कितनी बार ऐसा करने का मौका मिलेगा। मेरे देश ध्वजवाहक के रूप में नामित होना जीवन भर का सम्मान होगा, और मैं इसे हमेशा संजो कर रखूंगी। बता दें कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक निशानेबाजी में भारत के नाम दो मेडल जीते हैं। वह अब पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत की नुमाइंदगी करेंगी। रविवार को होने वाले समापन समारोह में भाकर भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में दो कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम वैश्विक मंच पर बढ़ाया है। इसी तरह से वे दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनी हैं। इसके बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल में एक कांस्य पदक भी जीता।

भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा कि आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा और मुख्य दल प्रतिनिधि गगन नारंग ने घोषणा की है कि निशानेबाज मनु भाकर समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। पुरुष ध्वजवाहक का चयन बाद में किया जाएगा। इससे पहले, स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को उद्घाटन समारोह में राष्ट्रों की परेड में ध्वजवाहक बनाया गया था।

## सेरेना विलियम्स के साथ पेरिस ओलंपिक के दौरान हुई बदसलूकी, इस रेस्तरां पर लगाए गंभीर आरोप



**पेरिस, एजेंसी।** सेरेना विलियम्स के साथ पेरिस में बदसलूकी हुई है। टेनिस की यह पूर्व दिग्गज संन्यास के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए वहां पहुंची हुई हैं। हालांकि, उनका पेरिस का सफर अच्छा नहीं रहा। सेरेना ने पेरिस के एक लग्जरी होटल की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें अपने बच्चों के साथ होटल के रूफटॉप रेस्तरां में जाने से रोक दिया गया। सेरेना ने पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में मशाल वाहक रही थीं। उन्होंने एक्स पर पेरिस में अपने अनुभव के बारे में एक किस्सा साझा किया।

सेरेना ने लिखा- ओह पेरिस! मुझे इससे पहले भी अच्छे रेस्तरां में खाने के लिए छत तक पहुंचने से वंचित कर दिया गया है, लेकिन मेरे बच्चों के साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। उनके साथ होने पर मुझे हमेशा तरजीह दी गई। वहीं, रेस्तरां के एक कर्मचारी ने बताया कि विलियम्स एक अन्य महिला के साथ परिसर आई थीं, लेकिन वह पहचानने योग्य नहीं थीं। उसने बताया, जब वह आईं तो केवल दो टेबल उपलब्ध था और उन्हें होटल के ग्राहकों द्वारा आरक्षित किया गया था। जब विलियम्स रेस्तरां का दौरा किया तो मैं काम नहीं कर रही थी। मेरे सहयोगी ने उन्हें नहीं पहचाना। उसने सेरेना से टेबल उपलब्ध न होने की जानकारी दी और नीचे इंतजार करने के लिए कहा। यह बिल्कुल व्यक्तिगत कुछ भी नहीं था।

विलियम्स पहली बार जुलाई के अंत में ओलंपिक उद्घाटन समारोह से पहले पेरिस पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने मशाल वाहक के रूप में भाग लिया था। सेरेना ने 2022 यूएस ओपन के बाद प्रोफेशनल टेनिस को छोड़ दिया था। मशाल ले जाने वाले एथलीटों में नौ बार के पदक विजेता कार्ल लुईस, फ्रांसीसी फुटबॉलर जिनेदिन जिदान, टेडी रिनर और मैरी-जोस पेरेक के साथ-साथ टोनी पार्कर और साथी टेनिस चैंपियन राफेल नडाल शामिल थे। सेरेना ओलंपिक के लिए पेरिस में बनी हुई हैं।

## जर्मनी ने भारत को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब कांस्य के लिए खेलेगी भारतीय टीम



**पेरिस, एजेंसी।** जर्मनी ने सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हराकर पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बना ली है। जर्मनी ने इस मैच में भारत को 3-2 के अंतर से हराया और स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बना ली। जर्मनी का फाइनल में सामना नीदरलैंड से होगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में स्पेन को हराया था। भारतीय टीम भले ही स्वर्ण पदक मुकाबले के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, लेकिन हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम के पास कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत का कांस्य के लिए सामना स्पेन से होगा। भारत ने इस मैच में पहले क्वार्टर में गोल कर बढ़त बनाई थी, लेकिन दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने दो गोल दागे और भारत पर बढ़त बना ली थी। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत ने फिर बराबरी का गोल दागा, लेकिन मैच समाप्त होने से छह मिनट पहले जर्मनी ने तीसरा गोल दागा जिसने अंत में अंतर पैदा कर दिया।





## नीरज चोपड़ा के स्वर्ण जीतने पर ऋषभ पंत ने रखा इनाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान शुरू किया। क्वालिफिकेशन राउंड में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता ने 89.34 मीटर भाला फेंक कर फाइनल में जगह बनाई। यह उनका सीजन का बेस्ट थ्रो था। अब भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज नीरज चोपड़ा ने बड़ा एलान किया है। नीरज ने अपने स्वर्ण पदक के बचाव की बेहतरीन शुरुआत की है और उनसे फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था।

**पंत ने किया एलान:** भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अगर नीरज चोपड़ा फाइनल में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतते हैं तो वह फैंस को 100089 रुपये की राशि इनाम के रूप में देंगे।

पंत ने बुधवार को एक्स पर लिखा, अगर नीरज चोपड़ा कल स्वर्ण पदक जीतते हैं। मैं उस भाग्यशाली विजेता को 100089 रुपए दूंगा जो ट्वीट को सबसे ज्यादा लाइक करेगा और कमेंट करेगा।

और बाकी शीर्ष 10 लोग जो ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करेंगे, उन्हें हवाई जहाज की टिकटें मिलेंगी। आइए मेरे भाई का समर्थन करें।

**पेरिस में जो करने आया हूं वही करना है:** नीरज ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बातचीत में कहा, यह पहल हमेशा साथ में रहने वाला है। मुझे लगता है कि आने वाली पीढ़ी प्रेरित होगी और इससे बड़ी बात मेरे लिए कुछ नहीं है। उनको भरोसा होगा कि अगर नीरज कर सकता है तो हम भी कर सकते हैं क्योंकि मैं भी साधारण परिवार से आया हूं। पेरिस में जो करने आया हूं वो करूंगा।

## विनेश फोगाट ने किया फाइनल में किया प्रवेश

### सेमीफाइनल में क्यूबा की युस्नेलिस गुज़मैन को 5-0 से हराया

**पेरिस, एजेंसी।** पहलवान ने महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल श्रेणी के सेमीफाइनल मुकाबले में क्यूबा की युस्नेलिस गुज़मैन को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब इस जीते के साथ ही भारत के लिए कम से कम रजत पदक पक्का हो गया। बता दें कि इसके पहले विनेश ने प्री क्वार्टर फाइनल में जापान की रेसलर को मात दी। क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की रेसलर को हराया।

अब सेमीफाइनल में क्यूबा की रेसलर को हराकर ये मुकाम हासिल किया है। विनेश का तीसरा ओलंपिक हैं। 2016 के रियो ओलंपिक में वह चोट के कारण मामूली अंतर से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं। टोक्यो ओलंपिक में, वह 53 किग्रा क्वार्टर फाइनल में वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार गईं। कलादज़िंस्काया के सेमीफाइनल में हारने के बाद टूर्नामेंट में उनका रहना समाप्त हो गया, जिससे भारतीय के लिए रेपेचेज की उम्मीदें खत्म हो गईं थी। इस बार हालात बदले हुए नजर आ रहे हैं और भारत के लोग उनसे गोल्ड की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## वैश्विक तापमान में वृद्धि से एथलीटों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल वार्मिंग के कारण हुई वैश्विक तापमान में वृद्धि का असर यह है कि हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है, जो विशेष रूप से टेनिस जैसे प्रतिस्पर्धी खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों के लिए अधिक परेशान करने वाला है। टेनिस में प्रसिद्ध बिग 3 ट्रायमविरेट के सदस्य राफेल नडाल इस वास्तविकता का एक उल्लेखनीय उदाहरण हैं, जब उन्हें 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल के दौरान हीट स्ट्रोक का सामना करना पड़ा था, जिससे उनका 4 किलोग्राम वजन कम हो गया था।



टेनिस मैच सख्त, घास और मिट्टी के कोर्ट पर खेले जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि गर्मी का भार सतह के आधार पर भिन्न होता है, जिससे अलग-अलग सूक्ष्म जलवायु वातावरण बनते हैं। वेट-बल्ब ग्लोब तापमान सूचकांक (डब्ल्यूबीजीटी) का उपयोग खेलों में थर्मल वातावरण का आंकलन करने के लिए किया जाता है। टेनिस कोर्ट के बीच डब्ल्यूबीजीटी अंतर पर पिछले अध्ययनों में समय को लेकर कुछ सीमाएं थीं। इन मुद्दों पर विचार करते हुए दोशीशा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य और खेल विज्ञान स्नातकोत्तर स्कूल के पीएचडी छात्र हिरोकी यामागुची और प्रोफेसर कोजीरो इशी के नेतृत्व में जापान की एक टीम ने डब्ल्यूबीजीटी मीटर का उपयोग करके विभिन्न टेनिस कोर्ट के तापमान की जांच की।

यामागुची बताते हैं, प्रतिस्पर्धी एथलीटों में गैर-दर्दनाक मौत का दूसरा सबसे आम कारण व्यायाम के दौरान होने वाला हीट स्ट्रोक है। एक टेनिस खिलाड़ी के रूप में मैंने मैचों के दौरान हीट स्ट्रोक का अनुभव किया है। विभिन्न टेनिस कोर्ट में गर्मी की स्थिति की जांच करने से व्यायाम संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी मिल सकती है और खेलों में प्रभावी हीट प्रबंधन में योगदान मिल सकता है।

## अफगानी क्रिकेटर भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल, पांच साल का प्रतिबंध लगा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर इहसानुल्लाह जन्नत को मैच फिक्सिंग के आरोप में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एसीबी ने कहा कि बल्लेबाज जन्नत ने इस साल काबुल प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के दौरान आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता का उल्लंघन किया। एसीबी ने बयान में कहा, 'जन्नत को आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 2.1.1 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है और इस कारण उस पर क्रिकेट से संबंधित सभी गतिविधियों से पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। उसने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने की बात कबूल कर ली है।

## बांग्लादेश में क्रिकेटर मशरफे मुर्तजा के घर में प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेट कप्तान मशरफे बिन मुर्तजा पर गुस्सा दिखाया है। गुस्साए लोगों ने मुर्तजा के घर को आग लगा दी है। यह घटना प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और सोमवार को बांग्लादेश छोड़ने के बाद हुई।

बांग्लादेश में अभी अराजकता और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि खुलना डिवीजन में नरैल-2 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य मुर्तजा ने इस साल की शुरुआत में हुए आम चुनावों के दौरान अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में लगातार दूसरी बार अपनी सीट जीती थी। माना जा रहा है कि मुर्तजा ने छात्रों के प्रदर्शन और सामूहिक गिरफ्तारियों पर चुप्पी साधे हुए थी, इससे प्रदर्शनकारी निराश थे।

**कौन है मशरफे बिन मुर्तजा-** बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटरों में से एक माने जाने वाले मुर्तजा ने अपने करियर में 36 टेस्ट, 220 वनडे और 54 टी20ई खेले। उन्होंने सभी प्रारूपों में 117 मैचों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की जो किसी भी बांग्लादेशी खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है। अपने शानदार करियर के दौरान मुर्तजा ने 390 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए और 2,955 रन बनाए। वह अपनी गति, सटीकता और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। मुर्तजा के नेतृत्व कौशल की भी बहुत प्रशंसा की गई, क्योंकि उन्होंने बांग्लादेश को कई यादगार जीत दिलाई।

**2018 में राजनीति से जुड़े मुर्तजा** - खेल से संन्यास लेने के बाद मुर्तजा 2018 में राजनीति में शामिल हुए। मुर्तजा के घर पर हमले ने तस्वीर साफ कर दी है कि यहां राजनीतिक संकट गंभीर होता जा रहा है। जैसे-जैसे राजनीतिक स्थिति सामने आ रही है, बांग्लादेश का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है।

सेना ने अंतरिम सरकार बनाने में मदद के लिए कदम बढ़ाया है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इससे देश में स्थिरता आएगी या अशांति बढ़ेगी। बता दें कि पिछले 30 वर्षों में से 20 वर्षों तक बांग्लादेश पर शासन करने वाली हसीना ने सरकारी नौकरी कोटा योजना पर छात्रों के भारी विरोध के बीच पद छोड़ दिया।

# जनसुनवाई में हुआ समस्याओं का निराकरण



**पन्ना।** मंगलवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही तहसील और विकासखण्ड मुख्यालयों की जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याएं निराकृत की गई। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई जनसुनवाई में 36 आवेदन आए।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गत माह से ग्राम पंचायत मुख्यालयों में जनसुनवाई प्रारंभ होने से स्थानीय स्तर की समस्याओं का आवेदक की उपस्थिति में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अलावा किन्हीं कारणोंवश शिकायत अथवा समस्या का तत्काल समाधान न होने की स्थिति में वरिष्ठ कार्यालय को शिकायत निराकरण के लिए अवगत कराने की कार्यवाही भी की जा रही है। स्थानीय स्तर की जनसुनवाई से ग्रामवासी भी संतुष्ट हैं और जिला प्रशासन की पहल पर जनसुनवाई में पहुंचकर आसानी से अपनी समस्याओं का निराकरण करवा रहे हैं। आज अजयगढ़ में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी ने जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे आवेदकों की समस्याओं को सुना और निराकरण किया। अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भी अपने दायित्वों का निर्वहन कर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। आज पन्ना विकासखण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में प्राप्त 185 में से 159 का और गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में प्राप्त 281 आवेदनों में से 265 का निराकरण किया गया। इसी तरह अन्य विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को निराकृत करने की कार्यवाही की गई।

स्वनिधि से समृद्धि अभियान

# 10 अगस्त तक लगेंगे विशेष शिविर, समस्त सीएमओ को दिए निर्देश

**पन्ना।** भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्वनिधि से समृद्धि अभियान के तहत शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों को अन्य विभागों की चिन्हित योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारित दिवसों में विशेष शिविर आयोजित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा भी स्वनिधि योजना के हितग्राहियों और उनके परिवारों की प्रोफाइलिंग तथा पात्रतानुसार अन्य योजनाओं से जोड़ने के लिए संबंधित नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्धारित तिथि में कैंप आयोजित करने के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे। अभियान में पीएम स्वनिधि योजना के पात्र हितग्राहियों को अन्य विभागों की आठ जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जाना है। जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले ने बताया कि स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना के लाभांवित परिवार के पात्र सदस्यों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, वन नेशन वन कार्ड योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा भवन निर्माण श्रमिकों के पंजीयन योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। पथ विक्रेताओं और उनके परिजनों में से पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार की 8 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए पथ विक्रेताओं की शत प्रतिशत प्रोफाइलिंग कार्य पूर्ण करने, नगरीय निकायों में शिविर स्थल के चयन और कैम्प का व्यापक प्रचार-प्रसार, मोबाइल एप में शिविर की गतिविधियों को दर्ज करने, स्ट्रीट वेण्डर्स को ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्म पर ऑन बोर्ड कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को जारी किए गए हैं।

# ग्राम पंचायत स्तर तक स्वतंत्रता दिवस आयोजन संबंधी निर्देश जारी

पन्ना

स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिये सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयोजन संबंधी निर्देश जारी किये गये हैं। जिला स्तर पर मंत्री/कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। पुलिस, होमगार्ड्स, एसएएफ, एनसीसी इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा।

## जनपद और ग्राम पंचायत स्तरीय आयोजन

जनपद पंचायत मुख्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पालिका-नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है. उनमें नगर पालिका-नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और समारोह में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया जाएगा।

## शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं पर आयोजन

सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में पूर्व वर्ष के अनुसार सुबह 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तत्पश्चात् सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी शिक्षण संस्थाओं में मौसम का ध्यान रखते हुए प्रात: काल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

अन्तर्महाविद्यालयीन स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिताएँ, स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चुने हुए छात्र-छात्राओं द्वारा वार्ता, राष्ट्रीय एकता, लघु बचत, जनसंख्या स्थिरीकरण, स्वच्छता अभियान एवं पुरस्कारों, प्रमाण पत्रों, मेडल आदि का वितरण इत्यादि कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। पौधरोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्कूल-कॉलेजों में राष्ट्रीय एकता के समूह गान आयोजित किये जायेंगे। जिला मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

## शासकीय संस्थाएँ दो दिन रोशनी से जगमगाएंगी

स्वतंत्रता दिवस-2024 के अवसर पर मुख्य सार्वजनिक भवनों एव राष्ट्रीय महत्व की इमारतों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

## शहीदों का होगा सम्मान

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित कर शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि घर जाकर शॉल और श्रीफल से सम्मानित करेगें।

# स्वसहायता समूह सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम 10 अगस्त को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आगामी 10 अगस्त को श्योपुर जिले के विजयपुर में स्वसहायता समूह सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, आकाशवाणी, यूट्यूब, फेसबुक लाइव, वेबकास्ट सहित अन्य विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा।

शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम का प्रसारण जिला मुख्यालय पर एनआईसी केन्द्रों, सीएससी, जनपद मुख्यालयों, सीएलएफ, ग्राम पंचायतों और ग्राम संगठन कार्यलयों में भी अधिकाधिक समूह सदस्यों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और अधिक से अधिक आमजनों को दिखाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

## कुएं में जहरीली गैस से बचाव के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रमुख सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त के निर्देशानुसार कुएं में जहरीली गैस से बचाव के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी जनपद पंचायत सीईओ और तहसीलदार को प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया है।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

पन्ना



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश सह सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही संबंधी जानकारी ली गई और जेल प्रबंधन को बंदियों के जमानत आदेश प्राप्त होने के सात दिवस में रिहाई के संबंध में अवगत कराया गया। बंदी की रिहाई नहीं होने पर अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करने के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। बंदियों को अधिवक्ता नियुक्ति के लिए जेल प्रशासन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को प्रेषित करने की सलाह दी गई। बताया गया कि प्राधिकरण द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही कर जरूरतमंद को पैनल से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है।

जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने उपस्थित बंदियों को प्ली-बारगेनिंग और अन्य विधिक प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जेल लोक अदालत के जरिए राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के माध्यम से सुलह करने और बंदियों के विधिक अधिकार व कर्त्तव्यों की जानकारी भी दी। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा द्वारा उपस्थित बंदियों को शिविर से प्राप्त जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# ग्राम चुनिया एवं खोल्हाड़ में किया गया पौधारोपण



**शहडोल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से चयनित नवांकुर संस्था सर्व मानव उत्थान जन कल्याण समिति एवं मां अगम शिक्षा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के सहयोग से आज शहडोल जिले के ग्राम पंचायत चुनिया एवं खोल्हाड़ में पौधारोपण का कार्य किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडे, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, रीना विश्वकर्मा, प्रिया पटेल, संगीता पटेल, शुभम तिवारी, श्वेता रघुवंशी सहित अन्य लोगों के द्वारा पौधारोपण का कार्य किया गया।

# कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में पहुंचकर राजस्व महाअभियान 2.0 के क्रियान्वयन का लिया जायजा




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर शासन के महत्वाकांक्षी राजस्व महाअभियान 2.0 के क्रियान्वयन का जायजा लिया और ड्यूटीरत अधिकारी-कर्मचारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही संपादित कर अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में राजस्व प्रकरण लंबित न रहें और शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित हो। महाअभियान में समग्र से भूमि खसरा लिंकिंग के कार्य और आम जनता से संबंधित राजस्व प्रकरणों का तत्परतापूर्वक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। उपस्थित पटवारी और ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों से नियमित रूप से समय पर उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करने की समझाईश दी। साथ ही महाअभियान के शेष दिवसों में भी निरंतर कार्य संपादित कर लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नसीहत देते हुए कहा कि राजस्व महाअभियान की समाप्ति पर लंबित प्रकरण रहने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। साथ ही बेहतर कार्य करने वाले लोकसेवकों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने पन्ना एवं गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत सकरिया, मानिकपुर कला, नयागांव सहित अन्य ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया और जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों से चर्चा कर स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का निराकरण कराने की अपील की। ग्रामवासियों से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में उपस्थित लोकसेवकों से आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली।

# बीट गार्ड की लापरवाही के चलते तिलगुवा बीट मे लगातार हो रही वनो की अवैध कटाई

पन्ना

उत्तर वन मंडल क्षेत्र अन्तर्गत पन्ना रेन्ज के तिलगंवा बीट में अवैघ पेंड़ो की कटाई लगातार जारी है, स्थानीय लोगो ने बताया कि विगत महीनो से उक्त बीट में कोई भी वन रक्षक गस्ती करने नही जा रहा है। जिससे अवैध वन कटाई करने वालो के होसले बुलंद है तथा रात्रि के समय अवैध शिकार की घटना भी घटित हो रही है। वनमंडला अधिकारी के नाम दिये गये आवेदन में बताया गया कि अभी प्रभार के रूप मे अरूण जोती भौमिक को उक्त बीट मे पदस्थ किया गया है, जो कभी भी क्षेत्र मे नही आते है तथा लगातार लापरवाही कर रहें है। इनके संबंध में पूर्व में भी लोगो द्वारा शिकायते की गई थी। लेकिन संबंधित शिकायतो में कोई कार्यवाही न होने से इनके होसले बुलंद है। स्थानीय लोगो ने संबंधित बीट प्रभारी भौमिक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# स्वैच्छिक रक्तदान की अपील

**पन्ना।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने अवगत कराया है कि जिला चिकित्सालय पन्ना में गत एक सप्ताह से ब्लड बैंक में रक्त की कमी से गर्भवती महिलाओं, थैलेसीमिया के बच्चों, कुपोषित बच्चे और अन्य गंभीर मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में नगर के सभी समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संस्थान, धार्मिक संस्थान, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और अन्य नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की गई है, जिससे जिला चिकित्सालय पन्ना में आने वाले अतिगंभीर मरीज और गर्भवती महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर रक्त की कमी से होने वाले खतरे से बचाया जा सके।

# कई पंचायत कर्मी फरमा रहे आराम, पुत्र और पति दे रहे सेवाएं

**देवेन्द्रनगर।** भले ही मध्यप्रदेश सरकार ने शासकीय कार्यालयों को 6 बजे तक खुले रहने का समय निर्धारित कर दिया हो ।मगर मध्यप्रदेश सरकार के इस आदेश का पालन पन्ना जिले में होता नही दिख रहा है ।सबसे ज्यादा लापरवाही ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रही जहां कई दूरस्थ क्षेत्रों में कई ग्राम पंचायतें आज भी नियमित नही खुल पा रही है। ग्रामीणों की सुविधाओं के लिये जनसुनवाई आयोजित की जा रही है ।जनसुनवाई में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही भी की जा रही ।जिस कारण मजबूरन कार्यवाही के डर से मंगलवार जैसे तैसे ग्राम पंचायते तो खुलने लगी मगर ।जनसुनवाई का समय होते ही अधिकांशत: कई ग्राम पंचायतों में वापिस ताले लटक जा रहे हैं ।शायद मध्यप्रदेश सरकार के कार्यालय खोलने का आदेश का असर इन ग्राम पंचायतों पर होता नही दिख रहा है। इन दिनों कई ग्राम पंचायतों में बड़ी लापरवाही देखी जा रही है ।जहाँ ग्राम पंचायत के कर्मचारी घरों में आराम कर रहे तो वही ग्राम पंचायत के कर्मचारियों के पुत्र और पति ग्राम पंचायतों के शासकीय कार्य करते नज़र आ रहे हैं ।जबकि न तो इनकी पदस्थापना विभाग द्वारा की गई है, न ही ये पंचायत के किसी पद पर पदस्थ है,इसके बावजूद भी जिम्मेदारों के सरक्षण में ग्राम पंचायतों के कार्य करते हुए नज़र आ रहे हैं जबकि ग्राम पंचायत में कई महत्वपूर्ण कार्य होते हैं, साथ ही कई शासकीय दस्तावेज होते हैं ।जिनकी सुरक्षा व गोपनीयता रखी जाती है ।साथ ही ग्राम पंचायतों में तमाम आय व्यय जैसे कार्य भी होते हैं ।मगर इसके बावजूद भी जिम्मेदारों द्वारा कार्यवाही करने की बजाय संरक्षण दिया जा रहा है।

# सीईओ जिला पंचायत ने चलाई पेडी ट्रांसप्लांटर मशीन, किया धान रोपाई का कार्य



**शहडोल।** विकासखंड बुढार के ग्राम जरवाही में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन ने पेडी ट्रांसप्लांटर मशीन चलाकर धान रोपाई का कार्य किया। साथ ही पेडी ट्रांसप्लांटर मशीन के बारे में भी जानकारी ली। जिस पर उप संचालक कृषि ने बताया की पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन दो रेंज में किसानों को मिल सकते हैं, एक छोटा पैडी ट्रांसप्लांटर आता है. जिसकी कीमत तीन लाख रुपए है. इसमें 50ल तक अनुदान है. ये मशीन एक से डेढ़ घंटे में 1 एकड़ रकबे में धान रोपाई का काम कर सकता है. जिसमें 2 लीटर के आसपास पेट्रोल का खर्च आता है. एक बड़ा पैडी ट्रांसप्लांटर भी आता है. धान रोपाई की ये बड़ी मशीन 13 लाख रुपए की है, जिसमें 5 लाख का सीधा-सीधा अनुदान है। इसे खरीदने के लिए किसान ऑन डिमांड अपनी इच्छा अनुसार इसकी मांग करके इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं. जिला मुख्यालय में कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय होते हैं। जहां किसानों के लिए ऐसे मशीनों की सारी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन के लिए किसान अपना नक्शा,खसरा,आधार कार्ड और आवेदन पत्र के साथ कार्यालय जाए जहां आसानी से उनका प्रोसेस करके उन्हें उपलब्ध करा दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य कर पालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार श्री मुद्रिका सिंह, उपसंचालक कृषि सीआरपी झारिया ने भी पैडी ट्रांसप्लांटर मशीन चलाई।

# सम्पदा 2.0 के परिचयात्मक विवरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**शहडोल।** सम्पदा 2.0 के परिचयात्मक विवरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के ई दक्ष केन्द्र में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आई टच केंद्र के श्री हरि कृष्णा सोनी बताया किया कि पंजीयन विभाग के महत्वपूर्ण परियोजना संपदा 2.0 को इस माह लागू किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम में परिचयात्मक रूप से संपदा 2.0 के विषय में भी बताया गया। संपदा 2.0 में दस्तावेज के पंजीयन में सुगमता तथा नागरिक सहजता आदि को बढ़ावा दिया गया है। जिला पंजीयक अधिकारी ने बताया कि महानिरीक्षक एवं पंजीयन मुद्रांक मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार जल्द से जल्द संपूर्ण मध्य प्रदेश में पंजीयन विभाग संपदा सॉफ्टवेयर के नवीन संस्करण संपदा 2.0 लागू किया जाएगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरुवार 08 अगस्त 2024




रीवा संभाग के सभी जिलों में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने तहसील कार्यालय अमरपाटन का निरीक्षण किया एवं पौधारोपण किया।



# प्रदेश भर में 11 से 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान : मुख्यमंत्री

## प्रदेश भर में 10 अगस्त को 25 हजार स्थानों पर बहनों के सम्मान का होगा उत्सव

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाड़ली बहना उत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 25 हजार स्थानों में 10 अगस्त को बहनों के सम्मान का उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दिन लाड़ली बहना योजना के हितग्राही बहनों को 1250 रुपए तथा रक्षाबंधन पर्व के लिए 250 रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की जाएगी। इस कार्यक्रम का जिला, विकासखण्ड, ग्राम पंचायत तथा सभी नगरीय निकायों के वार्डों में सजीव प्रसारण सुनिश्चित करें। इन स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक, पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद आदि शामिल होंगे। सामारोह में अधिक से अधिक बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करें। पूरे प्रदेश में रक्षाबंधन पर्व तक बहनों के सम्मान के कार्यक्रम लगातार आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में 11 अगस्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए प्रशासनिक अधिकारी तिरंगे की व्यवस्था करेंगे। इसमें जनप्रतिनिधि भी पूरा सहयोग करें। राष्ट्रध्वज हम सबके लिए सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक है। प्रत्येक शहर, कस्बे तथा गांव में तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा तथा अन्य आयोजन करके हर घर तिरंगा अभियान के लिए सकारात्मक वातावरण बनाएं। हर नागरिक को अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए



प्रेरित करें। स्वसहायता समूहों तथा पोस्ट आफिस में पर्याप्त मात्रा में तिरंगे उपलब्ध हैं। अभियान के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा शहीदों के परिजनों को सम्मानित करें। स्थानीय कलाकारों के माध्यम से तिरंगे की शान और देशभक्ति के गीतों के कार्यक्रम आयोजित कराएं। ध्वज संहिता का पालन करते हुए हर घर में तिरंगा फहराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए विभिन्न संचार माध्यमों में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध कराएं। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सभी शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक संगठनों, खेल संगठनों, सामाजिक संगठनों तथा अन्य संगठनों को भी इस अभियान में शामिल करें। यह अभियान राष्ट्र के गौरव का अभियान है। हमने अनगिनत शहीदों के बलिदान और कठिन संघर्ष के बाद आजादी प्राप्त की है। नई पीढ़ी को भी शहीदों के बलिदान से अवगत कराने का माध्यम हर घर तिरंगा अभियान को बनाएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का अभियान जारी रखें। यह वर्ष रानी दुर्गावती के 500वां जन्मवर्ष तथा रानी अहिल्याबाई का 300वां जन्मवर्ष है। इन्हें भी लाड़ली बहना उत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान में याद करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बाढ़ तथा अतिवृष्टि से सुरक्षा के उपाय, जर्जर भवनों को नोटिस देकर गिराने के निर्देश दिए। पूरे प्रदेश में आगामी 26 अगस्त को पूरे उत्साह के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाएं। सभी कृष्ण मंदिरों तथा अन्य मंदिरों के परिसरों में विशेष साफ-सफाई कराकर आकर्षक सजावट कराएं। जिस तरह मथुरा में जन्माष्टमी मनाई जाती है उसी तरह पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी मनाएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मंत्रीगण, विधायक तथा सांसद एवं मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, डीआईजी एसपी पाण्डेय तथा कलेक्ट्रेट एनआईसी केन्द्र से विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# शोध कार्य को बढ़ावा दें, शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर को उत्कृष्ट करें : उप-मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज में शोध कार्यों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जायें। शोध कार्य के लिए आवश्यक फंड की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और स्वास्थ्य संबंधी नवीन चुनौतियों का सामना करने के लिए शोध कार्य अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय के लिए सदैव प्रयासरत रहने के निर्देश दिये। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज से शिक्षा प्राप्त चिकित्सक ऐसे हों कि उनकी प्रतिभा देश-विदेश में स्थापित हो। उप-मुख्यमंत्री गाँधी मेडिकल कॉलेज भोपाल की सामान्य सभा की बैठक में शामिल हुए। सहजता से एवं समय पर जाँच सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये - उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गाँधी मेडिकल कॉलेज स्वशासी समिति भोपाल के विगत वित्तीय वर्ष (2023-24) के आय-व्यय की समीक्षा की। उन्होंने छात्रावासों के उन्नयन और आवश्यकतानुसार नवनिर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक जाँच सुविधाओं के लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए गये हैं। नागरिकों को सहजता से एवं समय पर जाँच सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हमीदिया चिकित्सालय में कैथलैब शिफ्टिंग कार्य में हुए विलंब पर नाराज़गी व्यक्त की।

# रीवा में आयोजित होगी रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव

## कलेक्टर ने आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश

**रीवा।** आगामी अक्टूबर माह में रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव का आयोजन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रीवा में आयोजित होने वाले कॉनक्लवे में रीवा एवं शहडोल संभाग में उद्योग निवेश की संभावनाओं के लिए उद्यमियों को आमंत्रित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा में आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव के संभावित आयोजन स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सभी व्यवस्थाएं सितम्बर माह तक पूरी कर लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। रीवा एवं शहडोल क्षेत्र का औद्योगिक विकास कॉनक्लेव में उद्यमियों द्वारा प्रस्तावित उद्योग स्थापना से और तेजी से होगा। उन्होंने एमपीआईडीसी एवं उद्योग विभाग द्वारा प्रस्तुत भूमि आवंटन के प्रस्तावों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने आयोजन स्थल सहित शहर को सौन्दर्यीकृत करने तथा सड़कों में सुधार कार्य कराते हुए डिवाइडर में वृक्षों को व्यवस्थित ढंग से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को सितम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक यूके तिवारी ने जानकारी दी कि यह आयोजन अक्टूबर माह के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। उन्होंने आयोजन के संबंध में अन्य जानकारियाँ भी बैठक में दी।

## आहरण संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** विभिन्न विभागों के बिल कोषालय द्वारा ऑनलाइन सिस्टम से पारित किए जाते हैं। बिलों को प्रस्तुत करने तथा पारित कराने के संबंध में 8 अगस्त को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को स्थापना तथा लेखा लिपिक के साथ प्रशिक्षण में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# सहकारिता एवं उद्योग समिति ने हाईटेक सिलाई सेंटर व वल्क मिल्क यूनिट का किया निरीक्षण

**रीवा।** सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति तथा म.प्र.डे.-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दवारा आजीविका एवं कौशल आधारित हाइटेक सेन्टर तथा बल्क मिल्क युनिट का निरीक्षण कर समूह की महिलाओ के साथ बैठक की गई। मऊगंज जिले की कार्ययोजना पर विस्तारित बैठक सभापति डॉक्टर संगीता शर्मा एवं सदस्य देवेन्द्र शुक्ल, पुष्पा पटेल, प्रमोद जायसवाल एवं जिला परियोजना अधिकारी ओमप्रकाश वेदुआ की उपस्थित मे संपन्न हुई। रीवा जिले के सामुदायिक प्रशिक्षण संस्थान चोरगडी मे लक्ष्मी संकुल स्तरीय संगठन दवारा संचालित लैगी सिलाई यूनिट मे स्थापित हाईटेक मशीनो का निरीक्षण व बल्क मिल्क युनिट का



अवलोकन कर संचालन कर रही समूह की महिलाओं से विभिन्न उत्पाद व निर्माण प्रक्रिया पर आने वाली कठिनाईयो व लाभ पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायत कलवारी मे आयोजित आजीविका बहनो के सम्मेलन मे सभापति डॉ संगीता शर्मा ने कहा कि सभी बहनो को इस तरह की बुनियादी संस्थाओ से जुड़कर आजीविका कार्यक्रमो से अपना खुद का रोजगार स्थापित कर अपनी निर्धनता को दूर कर जीवन मे स्थायी आधार बनाकर बेहतर बना सकेंगी। ग्राम पंचायत कलवारी मे हाईटेक सिलाई सेन्टर व बल्क मिल्क युनिट लगाकर बहनो को रोजगार से जोडकर उनके जीवन मे आर्थिक सुदृढ़ता लाने की दिशा मे मील का पत्थर साबित होगी। मऊगंज जिले के जनपद सभागार मे समति की सभापति की अध्यक्षता में सामुदायिक संगठन की महिलाओ के साथ बैठक मे जिला कार्यक्रम अधिकारी ओमप्रकाश वेदुआ ने बताया कि आजीविका मिशन द्वारा दोनो जिलो मे18454 समूहो के माध्यम से अब तक 226594 महिलाओ को जोडकर आजीविका कार्यक्रमो सब्जी उत्पादन, मुर्गीपालन, डेयरी फार्म, आजीविका फेरश, रवी व खरीफ उपार्जन अंतर्गत 92 केन्द्र पर समूह की खरीदी से 1082 बहनो को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ जनपद पंचायत स्तर पर 6 जनपदो पर आजीविका दीदी कैफे बनाकर उनके संचालन की जिम्मेदारी समूह की बहनो को दी गई।

# राजस्व प्रकरणों में संबद्ध दस्तावेज ठीक से लगाएं

## राजस्व प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण करें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कमिश्नर बीएस जामोद ने मैहर जिले के अमरपाटन में एसडीएम न्यायालय तथा तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने विभिन्न राजस्व प्रकरणों से संबंधित नस्तियों, आवेदनों, प्रकरण के संबंध में पारित आदेश तथा पंजियों का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में संबद्ध दस्तावेज भलीभांति संधारित करें। प्रकरण में दिनांक का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। किसी भी प्रकरण में अनावश्यक पेशी न



बढ़ाएं। कानूनी प्रावधानों के तहत राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई करके राजस्व महाअभियान के उद्यदेश्यों के अनुरूप प्रकरण निराकृत करें। राजस्व प्रकरणों को तय समय सीमा में निराकृत करें। कमिश्नर ने कहा कि जमीन के अविवादित नामांतरण में आदेश पारित होने के साथ ही उसका अमल कराते हुए नक्शा तरमीम कराएं। समय में अमल दरामद न होने से अनावश्यक देरी होती है। नक्शा तरमीम तथा अभिलेखों के सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। जिन प्रकरणों में बटांक कम हैं उनके प्रकरण पहले निराकृत करें। लंबित राजस्व प्रकरणों में पटवारियों की ड्यूटी लगाकर सात दिन की समय सीमा में प्रतिवेदन प्राप्त करें। नामांतरण का प्रकरण दर्ज होते ही उसमें शुल्क जमा कराएं। प्रकरण जब तक अंतिम रूप से निराकृत होकर नक्शा तरमीम न हो जाए तब तक उसे रिकार्ड रूम में न भेजें। अभियान 31 अगस्त तक जारी रहेगा। एक बार पुन: सभी ग्रामों में बी-1 का वाचन कराकर फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कराएं। तहसीलदार, एसडीएम तथा आरआई बी-1 के वाचन के समय उपस्थित रहें।

कमिश्नर ने कहा कि किसान सम्मान निधि की लंबित ई केवाईसी के सभी प्रकरण 31 अगस्त तक निराकृत करें। इसके लिए पटवारियों के साथ ग्राम रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाएं। नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण के लिए भी प्रत्येक पटवारी को साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करें।

## मुख्यमंत्री अन्नदूत योजनान्तर्गत खाद्यान्न नियत समय पर पहुंचाने के निर्देश

**रीवा।** मुख्यमंत्री अन्नदूत योजना के तहत परिवहनकर्ताओं को खाद्यान्न को नियत समय पर उचित मूल्य दूकानों में पहुंचाने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी श्रेयस गोखले ने परिवहनकर्ताओं से इस महत्वपूर्ण योजना का खाद्यान्न समय पर पहुंचाने की बात कही। उन्होंने चालू माह अगस्त में जिन सेक्टर्स में 25 प्रतिशत से कम उठाव हुआ है उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान खाद्य विभाग के अधिकारी तथा परिवहनकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रदेश को डिप्थीरिया मुक्त बनाने अभिभावक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें : उप-मुख्यमंत्री

### 8 अगस्त से शुरू हो रहे शालेय टीकाकरण अभियान में सहभागिता की अपील की

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि बच्चे देश का भविष्य हैं, उनको पूर्ण प्रतिरक्षित कर, जानलेवा बीमारियों से मुक्त रखना, हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने जन-भागीदारी से टीकाकरण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर, देश में अगुवाई की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को डिप्थीरिया मुक्त बनाने के लिए नई पहल के तहत 8 अगस्त से प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में प्रति सप्ताह गुरुवार शालेय टीकाकरण दिवस आयोजित किया जाएगा। इसमें पांचवी एवं ग्यारहवीं कक्षा के बालक-बालिकाओं को डीपीटी/टीडी के टीके दिये जाएगें।

उप-मुख्यमंत्री ने समस्त अभिभावकों पालकों से अपील की है कि जिस प्रकार पोलियो उन्मूलन को, जन-आंदोलन बनाकर आप सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उसी प्रकार, सभी मिलकर भय-भ्रांति मुक्त वातावरण में शत-प्रतिशत बच्चों को टीकाकृत कर प्रदेश को डिप्थीरिया मुक्त बनाने में अपनी सहभागिता निभायें।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि कार्य योजना के अनुसार पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण कराएं। यह योजना शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से लोगों को घर-घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्रामों में कंदैला परियोजना के कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहाँ प्रति दिवस पानी की सप्लाई अंतिम छोर तक हो तथा इसके व्यवस्थित संचालन की निगरानी रखी जाए।



बैठक में बताया गया कि कंदैला परियोजना के तहत 109 ग्रामों में घर-घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाए जाने का लक्ष्य है। तिवनी, सथिनी, मझियार आदि कुछ गांवों में पानी सप्लाई में आ रहे व्यवधान की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई जिस पर कलेक्टर ने कहा कि ऐसे ग्रामों की सूची उपलब्ध कराएं। वहाँ समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जाएगा। इस अवसर पर रीवा बाणसागर के तहत इंटेक वेल कार्य की प्रगति, जल शोधन संयंत्र, टंकी निर्माण तथा जल वितरण पाइपलाइन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कलेक्टर ने की। इस योजना में 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। टमस ग्रामीण समूह जल योजना से 675 ग्रामों में स्वच्छ पेयजल प्रदाय के लिए कराए जा रहे कार्यों में से 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को कार्य में गति लाने तथा विलंब से चल रहे कार्यों को तेजी के साथ पूरे करने के निर्देश दिए।

बैठक में सतना बाणसागर योजना से रीवा एवं सिरमौर विकासखण्डों में कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जल निगम के महाप्रबंधक चित्रांशु उपाध्याय सहित विभागीय अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जायेगा

## ग्राम पंचायत स्तर तक स्वतंत्रता दिवस आयोजन मनाया जायेगा

**रीवा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिये निर्देश जारी किये गये है। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2024 को भोपाल के लाल परेड गाउण्ड पर आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुबह 9 बजे के पूर्व शौर्य स्मारक में पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद प्रात: 9 बजे मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाल परेड ग्राउण्ड पर ध्वजारोहण कर प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। लाल परेड ग्राउण्ड पर पुलिस. एस.ए.एफ., सी.आई.एस.एफ.. जेल गार्ड, होम गार्ड, एनसीसी एवं स्काउड गाइडस की संयुक्त परेड आयोजित की जाएगी। संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। जिला स्तर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री तथा मंत्री एवं कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। पुलिस, होमगार्डस, एसएएफ, एनसीसी इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। जनपद पंचायत मुख्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पालिका/नगर परिषद जिनका मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय पर नहीं है. उनमें नगर पालिका/नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और समारोह में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत मुख्यालय में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं पर आयोजन - सभी शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में पूर्व वर्ष के अनुसार सुबह 8 बजे या उसके पूर्व ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तत्पश्चात सांस्कृतिक / साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी शिक्षण संस्थाओं में मौसम का ध्यान रखते हुए प्रात: काल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज, स्कूल खेल कूद, अन्य प्रकार के कौशलों का प्रदर्शन अन्तर्विद्यालय,अन्तर्महाविद्यालयीन स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिताएँ, स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चुने हुए छात्र-छात्राओं द्वारा वार्ता, राष्ट्रीय एकता, लघु बचत, जनसंख्या स्थिरीकरण, स्वच्छता अभियान एवं पुरस्कारों / प्रमाण पत्रों / मेडल आदि का वितरण इत्यादि कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। पौद्य-रोपण के का कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्कूल/कॉलेजों में जिला/संभाग एवं राज्य स्तर पर राष्ट्रीय एकता के समूह गान आयोजित किये जायेंगे। जिला मुख्यालयों पर स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस-2024 के अवसर पर प्रदेश में स्थित मुख्य सार्वजनिक भवनों एव राष्ट्रीय महत्व की इमारतों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित कर शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि घर जाकर शॉल और श्रीफल से सम्मानित करेगें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833